CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 223 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 6 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए+st पृष्ठ : 8+st

# एक अच्छा गुरु 1000 लाइब्रेरी के बराबर- भजनलाल शर्मा

## जयपुर में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 75 शिक्षक सम्मानित, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 5 सितंबर को शिक्षा दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश के 75 शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल गणित का फार्मूला और इतिहास की तारीख ही नहीं सिखाते बल्कि बच्चों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ते हैं एक अच्छा शिक्षक 1000 लाइब्रेरी के बराबर होता है उन्होंने कहा कि गुरु व्यक्तित्व का निर्माण करता है समाज के उत्थान में सबसे ज्यादा योगदान गुरु का ही होता है गुरु जीवन के मार्गदर्शक होते हैं सबसे ज्यादा योगदान प्राइमरी और मिडिल एजुकेशन के शिक्षकों का ही होता है ।

शिक्षक सम्मान के इस मंच पर स्टेट ओपन स्कूल की ऑन डिमांड परीक्षा और सरकारी स्कूलों के लिए प्रखर 2.0 कार्यक्रम भी लॉन्च किया गया समझ में कुल 75 शिक्षकों का सम्मान किया गया इनमें एक से पांच कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के 22-22 शिक्षकों का चयन किया गया था एन आईसी मैं पोस्टेड 9 शिक्षकों को भी उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा और शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल सहित





विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत झालावाड़ के जर्जर स्कूल में हुए हादसे में जान गवाने वाले सात बच्चों की स्मृति में मोन रखकर श्रद्धांजलि देने से की गई द्य इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रखर राजस्थान 2.0 का शुभारंभ किया इस योजना के तहत स्कूलों में 12 सप्ताह तक रीडिंग रिमेडियेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा जो पूरी तरह विद्यार्थियों की पढ़ने की क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है इस संबंध में शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि रीडिंग रिमेडियेशन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सप्ताह निर्धारित दिनों में पहले दो पीरियड केवल पढ़ने के लिए आरक्षित होंगे इसी दौरान राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर की ऑन डिमांड परीक्षा की भी लांचिंग की गई इसे लेकर 16 सितंबर से आवेदन शुरू होंगे पहले चरण की परीक्षा अक्टूबर में होगी 100 अभ्यर्थी इसमें परीक्षा दे सकेंगे ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कोरिया और जापान के विदेश दौरे के दौरान वहां पर मैनपावर की जरूरत बताई गई तब उन्होंने पहले विदेशी भाषा की स्कूल राजस्थान में खोलने की बात कही ताकि विदेश में नौकरी के लिए भाषा का ज्ञान हो सके मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा अपने प्रोजेक्ट पर काम करेंगे तो सरकार कम ब्याज पर लोन देगी इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारे संस्कार आने वाली पीढ़ी को ऐसे ही मिलेंगे तो राजस्थान की खुशबू पूरी दुनिया में महकेगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छात्रों की रुचि के अनुसार उन्हें विषय चयन करवाने की व्यवस्था करने की भी बात कही ।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सरकारी स्कूलों के रिजल्ट का हवाला देते हुए कहा कि आज कोटा अजमेर बांसवाड़ा बाड़मेर सहित 18 जिले ऐसे हैं जहां सरकारी स्कूल का रिजल्ट निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर है मंत्री दिलावर ने कहा कि अब शिक्षा विभाग में सिर्फ स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग किया जा रहा है समझ में उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि शिक्षक अंधकार से रोशनी की तरफ ले जाता है आज हम जहां हैं उसमें शिक्षक की बड़ी भूमिका है जिस पर गुरु कृपा नहीं वह पीछे रह जाता है उन्होंने कहा कि उनका फोकस डिग्रियों पर नहीं बल्कि दक्षता बढ़ाने पर है लक्ष्य है कि उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से राजस्थान के छात्रों को वैश्विक मंच मिले हालांकि पत्रकारों से रूबरू होते हुए डिप्टी सीएम प्रेमचंद बेरवा एन आई आर ऑफ रैंकिंग में राजस्थान के प्रदर्शन और सरकारी विश्वविद्यालय के नाम नहीं आने के सवाल पर कुछ नहीं बोल ।

## जगदीप धनखड़ की राजस्थान विधानसभा दफ्तर से पेंशन मंजूर, हर महीने 42000 मिलेंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ की राजस्थान विधानसभा सचिवालय ने पेंशन अर्जी को मंजूर कर लिया है अब जगदीप धनखड़ को हर महीने राजस्थान विधानसभा सचिवालय से 42000 पेंशन के तौर पर मिलेंगे । उल्लेखनीय है कि जगदीप धनखड़ पूर्व में प्रदेश के किशनगढ़ विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं लेकिन राज्यपाल बनने के बाद उनकी पेंशन बंद कर दी गई थी बाद में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ ने पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा सचिवालय में अपनी बंद पड़ी पेंशन को फिर से शुरू करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था इस आवेदन को राजस्थान विधानसभा सचिवालय ने स्वीकार कर लिया है और अब जगदीप धनखड़ को हर महीने राजस्थान से पेंशन मिल करेगी जानकारी के अनुसार जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के दिन के बाद से राजस्थान विधानसभा की ओर से उन्हें अब पेंशन दिया जाना सुनिश्चित किया गया है उल्लेखनीय है कि जगदीप धनखड़ राजस्थान के झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं और हाई कोर्ट के अच्छे वकीलों में उनकी गिनती होती है सुप्रीम कोर्ट में भी इन्होंने प्रैक्टिस की है पूर्व में किशनगढ़ से विधायक रह चुके हैं बाद में केंद्र की मोदी सरकार ने इन्हें पश्चिम बंगाल में भी राज्यपाल पद पर नियुक्त किया था पश्चिम बंगाल में राज्यपाल पद पर रहने के दौरान जगदीप धनखड़ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हमेशा टकराव के हालात रहे जिसकी वजह से जगदीप धनखड़ हमेशा सुर्खियों में रहे बाद में जगदीप धनखड़ को केंद्र की मोदी सरकार ने उपराष्ट्रपति पद पर एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ाया था जिसमें जगदीप धनखड़ चुनाव जीत गए थे लेकिन उपराष्ट्रपति पद पर उनके 5 साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पिछले दिनों उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया था ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संघ की बैठक में हुए शामिल, जेपी नड्डा से भी की अलग से मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को जोधपुर में आयोजित संघ की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए करीब सवा घंटे तक भजन लाल शर्मा इस बैठक में मौजूद रहे बैठक के दौरान भजनलाल शर्मा ने संघ प्रमुख मोहन भागवत और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी अलग से मुलाकात की भजनलाल शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई बातचीत में सरकार से जुड़े विषयों, प्रदेश के ज्वलंत विषयों तथा पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की ।

संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ से प्रेरित करीब 32 संगठनों के पदाधिकारी और महिलाओं के कार्य को देखने वाली समन्वयक महिला कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित दर्ज करवा रहे हैं इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े संघ समर्पित नेता भी नजर आए जिनमें पार्टी के संगठन राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सौदान सिंह और कई अन्य वरिष्ठ नेता इस बैठक में नजर आए अभी यह बैठक दो दिन और संपादित होगी इसलिए जोधपुर में आने वाले दो दिनों में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेताओं का आने-जाने का सिलसिला देखने को मिलेगा द्य संघ के शताब्दी समारोह को देखते हुए यह बैठक काफी





महत्वपूर्ण मानी जा रही है संघ आगामी 2 अक्टूबर को संघ शताब्दी समारोह का आयोजन कर रहा है और इस समारोह में देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने के विषय पर भी संघ की बैठक में चर्चा की गई इसके अलावा जनजातीय विषय और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर भी संघ की बैठक में चर्चा की गईहै ।

जानकार लोगों का कहना है कि संघ हमेशा से अपनी इस तरह की बैठकों में राजनीतिक मुद्दों पर ज्यादा बात नहीं करता सिर्फ संघ से जुड़े विषयों पर ही इस तरह की बैठकों में चर्चा करता है और फिर निर्णय भी लेता है इसलिए भले ही भारतीय जनता पार्टी के सभी बड़े नेता इन बैठकों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई लेकिन संघ राजनीतिक विषयों को इन बैठकों से हमेशा दूर रखता है जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की थी इस मुलाकात के बाद अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी है कि क्या वसुंधरा राजे को आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी में कोई बड़ी भूमिका मिलने वाली है क्या संघ प्रमुख मोहन भागवत वसुंधरा राजे के लिए भारतीय जनता पार्टी में कोई बड़ा प्लेटफार्म तैयार कर रहे हैं या फिर या फिर दोनों के बीच हुई मुलाकात एक महज रूटीन की मुलाकात थी इन सवालों के जवाब फिलहाल नहीं मिल रहे लेकिन जब से वसुंधरा राजे ने मोहन भागवत से मुलाकात की है तब से ही राजस्थान बीजेपी ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय भाजपा में भी हल चलें तेज हो गई हैं फिलहाल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोहन भागवत से मुलाकात की और उनसे मार्गदर्शन लिया तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी उनकीसंक्षिप्त मुलाकात हुई लेकिन संक्षिप्त मुलाकात में उन्होंने सत्ता और संगठन से जुड़े कई बड़े विषयों को लेकर चर्चा की ।

## महिला IPS को फोन पर धमकाने के आरोप में घिरे डिप्टी सीएम अजित पवार

### अठावले बोले- पवार को नहीं था अधिकारी होने का पता, बाद में गलती मानी



जयपुर टाइम्स

**मुंबई (एजेंसी.)।**महाराष्ट्र के डिप्टी मुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार एक नए विवाद में फंस गए हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे महिला IPS अधिकारी अंजना कृष्णा से फोन पर कथित तौर पर बहस करते और कार्रवाई रोकने को कहते नजर आ रहे हैं। यह घटना 31 अगस्त को सोलापुर जिले के कुर्दु गांव की बताई जा रही है, जहां IPS अधिकारी अवैध मुरम खनन रोकने पहुंची थीं। वीडियो में सिविल ड्रेस में खड़ी IPS अंजना कृष्णा हाथ में मोबाइल पकड़े दिख रही हैं। आसपास खड़े लोग भी बातचीत सुनते नजर आते हैं। दावा है कि फोन पर बातचीत के दौरान अजित पवार ने अधिकारी को कार्रवाई रोकने की बात कही। इसके बाद राजनीतिक हलकों में यह मामला सुर्खियों में आ गया और विपक्ष ने पवार पर दबाव बनाने के आरोप लगाए।

### अठावले ने पवार का किया बचाव

घटना के बाद केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने अजित पवार का बचाव करते हुए कहा कि वे एक मजबूत नेता और कुशल प्रशासक हैं। अठावले ने कहा- "मुझे लगता है कि पवार साहब को यह पता ही नहीं था कि वह महिला एक IPS अधिकारी हैं। उन्होंने बाद में अपनी गलती स्वीकार भी की है। यह अनजाने में हुआ, जानबूझकर नहीं।"

### पवार की सफाई- कानून में दखल का इरादा नहीं

मामला तूल पकड़ने के बाद अजित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- पर सफाई दी। उन्होंने लिखा- "सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत के कुछ वीडियो सामने आए हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य कानून में हस्तक्षेप करना नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीन पर स्थिति शांत बनी रहे। मैं पुलिस और सभी अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं, का बहुत सम्मान करता हूं। अवैध खनन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।"

### विपक्ष के सवाल जारी

हालांकि, विपक्ष ने पवार की सफाई को नाकाफी बताया है। नेताओं का कहना है कि एक डिप्टी मुख्यमंत्री द्वारा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर इस तरह दखल देना गंभीर है। फिलहाल पुलिस विभाग और प्रशासन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन वायरल वीडियो ने पवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

## ट्रम्प बोले- भारत और रूस अब चीन के पाले में, टैरिफ को बताया जरूरी कदम



जयपुर टाइम्स

**वॉशिंगटन(एजेंसी.)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा– "ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।" इस पोस्ट के साथ ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक पुरानी तस्वीर साझा की। यह फोटो सितंबर 2017 में चीन के शियामेन में हुए ब्रिक्स समिट की है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद गहराता जा रहा है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने भारत समेत कई देशों पर 50‘ तक टैरिफ लगाए हैं। इस फैसले को लेकर अमेरिकी अदालतों में सुनवाई चल रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रम्प की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। ष्ठष्ठ टैरिफ को रूस-यूक्रेन जंग से जोड़ा ट्रम्प ने 4 सितंबर को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर कर निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रपति विदेशी सामान पर मनमाने ढंग से भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने दलील दी कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए जरूरी हैं। उनका कहना है कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया, ताकि युद्ध पर दबाव बनाया जा सके। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर निचली अदालत का फैसला कायम रहा तो पिछले पांच महीनों से यूरोपीय यूनियन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ हुई व्यापारिक बातचीत खतरे में पड़ सकती है। दूसरी ओर, छोटे कारोबारियों के वकील जेफ्री श्वाब ने कोर्ट में दलील दी कि ट्रम्प के टैरिफ छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये टैक्स आयात पर बोझ बढ़ा रहे हैं और अमेरिकी बाजार में महंगाई को बढ़ावा दे रहे हैं। श्वाब ने अदालत से जल्द फैसला सुनाने की अपील की है।

# इसी माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ सकते हैं राजस्थान

### प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री कार्यालय से मांगा समय, सत्ता और संगठन में हलचल तेज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सब कुछ ठीक रहा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चालू सितंबर माह में राजस्थान का दौरा कर सकते हैं इसके लिए राजस्थान भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मांगा गया है क्योंकि राजस्थान भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा सप्ताह का आयोजन कर रही है इसलिए प्रदेश भाजपा की और से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी को बुलाने का प्रयास किया जा रहा है कहा जा रहा है 20 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांसवाड़ा आ सकते हैं जहां पर माही बजाज परमाणु ऊर्जा परियोजना का वे शिलान्यास कर सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित राजस्थान के दौरे को देखते हुए प्रदेश में सत्ता और संगठन में हलचल तेज हो गई है हालांकि अभी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर राजस्थान सरकार की ओर से या फिर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से कोई अधिकृत सूचना जारी नहीं की गई है लेकिन राजस्थान भाजपा की ओर से नरेंद्र मोदी को राजस्थान में बुलाने के प्रयास युद्ध स्तर पर शुरू किया जा रहे हैं इसलिए प्रदेश भाजपा के छोटे-बड़े सभी नेताओं में मोदी के इस दौरे को लेकर उत्सुकता बनी हुई है द्य जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी कि राज्य इकाइयों की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पखवाड़ा सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस कार्यक्रम में राजस्थान भाजपा की ओर से रक्तदान , सफाई करना, जरूरतमंद लोगों की सेवा करना, गरीबों को भोजन खिलाना, गाय माता को चारा खिलाना, अस्पताल में जाकर मरीजों की सेवा करना और उन्हें उनकी जरूरत के मुताबिक चीज उपलब्ध करवाना जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा इसके अलावा राजस्थान भाजपा की ओर से राज्य स्तर पर और जिला स्तर पर मोदी सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली उल्लेखनीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएग द्य प्रदेश भाजपा की कोशिश है कि सेवा पखवाड़ा सप्ताह के कार्यक्रम के तहत ही नरेंद्र मोदी अगर राजस्थान आते हैं तो राजस्थान में एक तरफ जहां पार्टी को मजबूती मिलेगी तो दूसरी तरफ पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में उत्साह का संचार होगा इसलिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ प्रधानमंत्री को राजस्थान बुलाने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं जानकारी के अनुसार बांसवाड़ा में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की ओर से 2800 मेगावाट के चार रिएक्टर स्थापित किए जाएंगे इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से करवाने के युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है इसलिए कहा जा रहा है कि बांसवाड़ा में 20 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का शिलान्यास करने आ सकते हैं अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांसवाड़ा आते हैं तो निश्चित रूप से बांसवाड़ा डूंगरपुर प्रतापगढ़ उदयपुर भीलवाड़ा राजसमंद और आसपास के अन्य जिलों में रहने वाले आदिवासी मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने में भारतीय जनता पार्टी को काफी मदद मिलेगी क्योंकि कहा जा रहा है कि अगर प्रधानमंत्री आते हैं तो बांसवाड़ा और आसपास के अन्य जिलों के लोगों को कई तरह की सौगात भी मिल सकती है इसलिए आदिवासी समाज के मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने के लिए राजस्थान भाजपा की ओर से दूरगामी सोच के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी काफी गंभीर है क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा भी जानते हैं कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आते हैं तो राजस्थान के लिए निश्चित रूप से दिल्ली से कई सौगातें भी लेकर आएंगे ।

CMYK

## 7 से 12 सितम्बर तक वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा-2025 का होगा आयोजन

### अलवर में 40 परीक्षा केंद्र, अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा-2025 का आयोजन जिले में 7 से 12 सितम्बर तक दो पारियों में होगा। इसके लिए जिले में कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 12 राजकीय एवं 28 निजी केंद्र शामिल हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने बताया कि परीक्षा की मॉनिटरिंग हेतु नियंत्रण कक्ष मिनी सचिवालय, कमरा नंबर 122 में स्थापित किया गया है, जो 5 से 12 सितम्बर तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0144-2345077 है। जिले में विभिन्न तिथियों पर हजारों परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनके लिए सुरक्षा व निष्पक्ष आयोजन हेतु सतर्कता दल और उपसमन्वयक दल नियुक्त किए गए हैं।

## रोटरी क्लब अलवर अरावली ने मनाया शिक्षक दिवस, शिक्षकों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। रोटरी क्लब अलवर अरावली द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कैरियर मेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर के 25 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत रोटेरियन जोन सचिव अमित श्यामसुखा एवं क्लब अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव दीपक सिंघल, पीयूष जैन, रवीश गोयल, चन्दन गुप्ता, विजय अग्रवाल, कमल बांगा, राहुल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, क्षितिज माथुर, सतीश गुप्ता, आशिमा माथुर, मेनका गोयल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसके तहत शिक्षको को माला व साफा पहनाकर व प्रशस्ती पत्र भेट कर स्वागत सम्मान किया।

## केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद ने किया सरकारी स्कूलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने जिले के सरकारी विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य और ई-लाइब्रेरी निर्माण में निष्ठा भाव से कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान पत्र, श्रीफल और शॉल भेजकर सम्मान किया। अलवर सांसद खेल उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील केंद्रीय मंत्री यादव ने सभी प्रधानाचार्य व शिक्षकगण से आग्रह किया कि अलवर सांसद खेल उत्सव में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया-हिट इंडिया संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह खेल प्रारंभ किए गए हैं। सभी शिक्षकगण व आमजन खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करें और स्वयं भी अपनी भागीदारी निभाएं ताकि इस आधुनिक डिजिटल युग में युवा व बच्चे ग्राउंड से जुड़ सकें। साथ ही इस मंच के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और उन्हें देश के उत्कृष्ट कोचों से कोचिंग भी दिलाई जाएगी।

## विभिन्न मांगो को लेकर चल रहा धरना नवें दिन भी रहा जारी



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** उपखंड क्षेत्र की ग्राम नीमला मुख्यालय पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना नवे दिन भी जारी रहा गौरतलब है की धरना वार्ड पंच कौशल किशोर उर्फ गणेश शर्मा के नेतृत्व में चल रहा है। वहीं धरने पर बैठे लोगों की मांग है कि ग्राम पंचायत में हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए व श्मशान घाट का रास्ता सहित भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए जमीन,ग्राम पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए वहीं इस मौके पर वार्ड पंच गणेश कुमार मीणा,कांताबाई,टीम्मो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पर्युषण महापर्व के तहत की उत्तम आंकिचन धर्म की आराधना

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)**। चाँद जी की खेड़ी दिगम्बर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व के तहत उत्तम आंकिचन धर्म की आराधना की गई। अभिषेक, शांतिधारा हुई। शांतिधारा मोती लाल व पिन्टु कुमार पाटनी ने की।पूजन में सोलहकरण, दशलक्षण पूजा एवं भक्तामर पूजन किया गया। सायंकाल भक्तामर 48 दीपों की महाआरती के पश्चात शास्त्र वाचन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।समाज के वीरेन्द्र पहाडिया ने बताया किपर्युषण महापर्व के अंतिम दिन शनिवार को शोभायात्रा निकलेगी और वार्षिक कलशाभिषेक होगा।सायंकाल भक्तामर महाआरती एवं शास्त्र वाचन के पश्चात वर्षभर की गलती के क्षमावणी होगी।

# वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

### शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को किया सम्मानित, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, सारथी-2025 स्मारिका का किया विमोचन





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले उन्होंने नॉलेज सिटी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह-2025 में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। अपने संबोधन में शर्मा ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए उपस्थितजनों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं बल्कि जीवन जीने की राह भी दिखाता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार जताया। जिला स्तरीय समारोह में शिक्षकों बृजमोहन शर्मा, मोनिका राजपूत और मोनिका जैफ को सम्मानित किया गया। वहीं राज्य स्तरीय समारोह, बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में जिले के शिक्षक छगनलाल शर्मा और मदनलाल यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन यशोदा मटवाल ने किया। इसके बाद शर्मा ने पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज गार्डन में आयोजित विद्युत निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति के 15वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत कर संगठन की स्मारिका 'सारथी-2025' का विमोचन किया। इससे पूर्व वे मालवीय नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, डीईओ महेश मेहता, एडीपीएस मनोज शर्मा, सुधीर पांडे, महिपाल यादव, ओमप्रकाश, भिक्की राम मीणा, विजयलक्ष्मी, गौरव खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## *साइबर क्राइमः अलवर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 19.45 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़*

### ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत आरोपी गिरफ्तार, कई प्रकरणों में हुई बड़ी बरामदगी, आमजन से सतर्क रहने की अपील



जयपुर टाइम्स

अलवर(**निसं.**)। जिले की वैशाली नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 करोड़ 45 लाख रुपए की साइबर ठगी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का भाई पुलिस विभाग में कार्यरत है, जिसकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में खलबली मच गई है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरूकता के लिए अगस्त 2025 से विशेष अभियान साइबर संग्राम चलाया जा रहा है। इसी के तहत विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 46.42 लाख रुपए की राशि होल्ड कराई गई और 2.28 लाख रुपए पीड़ितों को वापस दिलाई गई। अब तक 123 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लौटाए गए, साथ ही 39 अतिरिक्त मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर भी कार्रवाई करते हुए 103 अपराधियों को पोर्टल पर अपलोड किया और 171 वारंट/नोटिस अन्य राज्यों को तामील कराए। अब तक 20 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं 180 जागरूकता शिविरों के माध्यम से 15,729 नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। एसपी चौधरी ने बताया कि अब तक 22 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 34 आरोपी गिरफ्तार और 5 बाल अपचारी निरुद्ध किए गए। पुलिस ने मुंबई, भोपाल, रायबरेली व अयोध्या पुलिस को भी 5 अपराधियों को सुपुर्द किया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी/पिन साझा न करें, केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही कस्टमर केयर नंबर प्राप्त करें, संदिग्ध लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक न करें और किसी भी लालच में निवेश या ऐप डाउनलोड न करें। साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर या जारी हेल्पलाइन 8764874306 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## नगर निगम आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

### गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, सुधार नहीं होने पर होगी सख्त कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने शुक्रवार को शिवाजी पार्क, अंबेडकर सर्किल, भगत सिंह सर्किल, स्कीम नंबर एक-दो, घंटाघर व पुराने मोहल्लों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर कचरा समय पर नहीं उठने और गलियों में गंदगी फैली होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। आयुक्त ने सफाई निरीक्षकों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नाले-नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण और ऑटो टिपर व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। आमजन से मिले फीडबैक में भी सफाई कर्मियों के नियमित न आने और कचरा नहीं उठाने की शिकायतें सामने आईं। इस पर आयुक्त ने मौके पर मौजूद कार्मिकों को तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।

# खैरथल-तिजारा जिला संपूर्ण टीकाकरण में अव्वल

### 100.53‘ उपलब्धि के साथ लगातार बना राज्य का नंबर वन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)**। स्वास्थ्य विभाग की अगस्त 2025 तक जारी फुल इम्यूनाइजेशन रिपोर्ट में खैरथल-तिजारा जिला ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले ने निर्धारित 10,231 लक्ष्य के विरुद्ध 10,285 बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कर 100.53‘ उपलब्धि हासिल की। यह सफलता पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3‘ गिरावट के बावजूद अन्य जिलों से काफी आगे है। प्रथम स्थान खैरथल-तिजारा - 100.53‘, द्वितीय स्थान ब्यावर - 97.8‘ और तृतीय स्थान डीग - 97.71‘ रहा। जिला आरसीएचओ डॉ. सुआ लाल ने कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच चिकित्सा अधिकारी-इंचार्ज, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की निष्ठा व अथक प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हुई है। उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स को असली योद्धा बताते हुए कहा कि हर गर्भवती महिला और बच्चे तक सेवाएँ पहुँचाना ही सफलता की असली पहचान है। डॉ. अरविंद गेट ने कहा कि खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग और मार्गदर्शन से यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रभारियों का आत्मसम्मान और स्वतंत्रता बनाए रखना दीर्घकालीन सफलता के लिए आवश्यक है। खैरथल-तिजारा की यह उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि सच्ची लगन, टीमवर्क और समर्पण से सीमित संसाधनों में भी असंभव को संभव बनाया जा सकता है।

## हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही लायनवाद की प्राथमिकता - लायन सुनील अरोड़ा

### लायंस एवं लियो क्लब सेंट्रल स्पाइन का पदस्थापना समारोह संपन्न





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। लायंस एवं लियो क्लब सेंट्रल स्पाइन के पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी एवं निवर्तमान प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा ने कहा कि हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही लायनवाद की सच्ची प्राथमिकता है, तभी इसका वास्तविक अर्थ पूर्ण होगा। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन डॉ. बसंत जलेवा ने की। कार्यक्रम में लायन आलोक अग्रवाल इंडक्शन ऑफिसर, लायन अशोक ठाकुर पदस्थापना अधिकारी, लायन ओपी मंगल विशेष अतिथि तथा लियो रोहन अग्रवाल, लायन अशोक जिंदल, रीज़न चेयरपर्सन अमित पारीक आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयपुर के 25 से अधिक क्लबों ने सुनील अरोड़ा का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। पीडीजी लायन आलोक अग्रवाल ने नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई जबकि पीडीजी लायन अशोक ठाकुर ने सारगर्भित उद्बोधन के साथ लायंस एवं लियो टीम 25-26 का पदस्थापन कराया। मुख्य अतिथि अरोड़ा ने भावुक उद्बोधन में सेवा कार्यों को और मजबूत करने तथा मिशन 1.5 को सफल बनाने के लिए नए सदस्य जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कई सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। समारोह में सौ से अधिक लायन-लियो सदस्य उपस्थित रहे।

## अलवर नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुलासा - एसीबी जांच की मांग

### पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने लगाए गंभीर आरोप, ठेकों से लेकर हाउस टैक्स तक गड़बड़ियों का किया पर्दाफाश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने नगर निगम अलवर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम में "खुल्ला-खुल्ला भ्रष्टाचार" चल रहा है जिसकी जांच एसीबी से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई ठेकों से लेकर जेसीबी की खरीद तक हर काम में अनियमितताएं हो रही हैं। सफाई ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन दिए जाने वाले सफाई कर्मियों की संख्या तक स्पष्ट नहीं की जा रही, जिससे जनता में असंतोष है। अग्रवाल ने बताया कि इतिहास में पहली बार मेन रोड्स के डिवाइडरों पर नियम विरुद्ध विज्ञापन बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे ठेकेदारों को फायदा पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी दिन ये बोर्ड आमजन के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि नगर निगम ने हाउस टैक्स वसूली में भी ठेकेदारों को 70.30 का अनुपात देकर 30' हिस्सा कमीशन के रूप में छोड़ दिया है। इसके तहत ठेकेदारों ने मनमाने नोटिस जारी कर दिए, जिनमें पुराने टैक्स चुकाने वालों को भी पुनः 2007 से बकाया दर्शाया गया। यहां तक कि औद्योगिक क्षेत्रों में भी, जहां हाउस टैक्स लागू ही नहीं होता, वहां नोटिस भेजकर जबरन वसूली की गई। अग्रवाल ने उदाहरण देते हुए कहा कि उनके स्वयं के 570 गज के मकान पर 3000 गज का नोटिस थमा दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर नगर निगम को अपने अधिकारियों पर भरोसा नहीं है या ठेकेदारों की दादागिरी पर निर्भर रहना मजबूरी है।

## महात्मा मोहनदास सेवा समिति कार्यकारिणी के सानिध्य में वरिष्ठ शिक्षकों का किया शिक्षक दिवस पर सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। जिला सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी बताया कि इस बार शिक्षक दिवस पर सैनी युवा महासभा ने महात्मा मोहनदास सेवा समिति कार्यकारिणी के सानिध्य में एक नई पहल करते हुए सैनी समाज के वरिष्ठ शिक्षकों का घर पहुँच कर माता सावित्री बाई फुले तथा ज्योतिबा फुले जी का छायाचित्र भेट कर, शॉल उढाकर व माला तथा साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। सम्मानित शिक्षक व शिक्षिकाओं में डॉ. प्रेमलता सैनी सेवानिवृत कॉलेज प्राचार्य दौसा, डॉ. गिरधर गोपाल सैनी सेवानिवृत कॉलेज प्राचार्य अजमेर, चन्द सैनी सेवानिवृत व्याख्याता, भगवान स्वरूप सैनी सेवानिवृत व्याख्याता, चेतराम सैनी सेवानिवृत अध्यापक का उनके घर पर जाकर स्वागत सम्मान किया तथा समाज को शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी लाने के लिये सम्मान करने वाले प्रतिनिधि दल ने मार्ग-दर्शन प्राप्त किया। शिक्षक दिवस पर सम्मानित करने वाले समाज से महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी, सैनी युवा महासभा अलवर अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी, अशोक सैनी व्याख्याता, झम्मनलाल सैनी, जुगल किशोर सैनी, सुरभी सैनी, लवनीश सैनी आदि शामिल रहे।

# संवेदनशील एवं नवाचारी ब्यूरोक्रेट के संगम है "जितेंद्र कुमार सोनी"

## जयपुर में कलेक्टर नहीं बल्कि जयपुर के लोगों के सारथी और दोस्त की भूमिका में नजर आ रहे जितेंद्र कुमार सोनी

**जहां भी कार्यरत रहे वहां के लोगों ने इन्हें इनके नवाचारों और इनकी वर्किंग स्टाइल से इन्हें देव तुल्य ऑफिसर का दर्जा दिया**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** लोगों को आश्चर्य होता है जब कोई कलेक्टर अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचाने के लिए खुद कूद जाए जब कोई कलेक्टर की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति विनम्रता से लोगों की सेवा कर रहा हो क्योंकि आजकल बहुत कम ऐसा देखने को मिलता है जब कोई बड़ा प्रशासनिक अधिकारी अपने पद के गरुर को खुद पर हावी नहीं होने दे वजह यही है कि आईएएस की हाई प्रोफाइल नौकरी ही ऐसी है अगर किसी का सिलेक्शन हो जाए तो वह खुद को किसी रियासत के राजा से काम नहीं समझता वैसे देखा जाए तो कलेक्टर का पद है ही ऐसा क्योंकि वह पूरे जिले का मालिक होता है इसलिए चाहे कोई कितना ही सदाचारी व्यक्ति हो वह भी कहीं ना कहीं इस कुर्सी के जादू के प्रभाव में आ ही जाता है लेकिन राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के धनसर गांव में पैदा हुए जयपुर के जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की अब तक की आईएएस की नौकरी के कार्यकाल की गाथा पर नजर डालें तो 2011 से शुरू हुआ इनका यह नौकरी का सफर एक स्वर्णिम अध्याय की तरह पढ़ा जा सकता है जिसमें इनके नवाचारों और इनकी वर्किंग स्टाइल ने इन्हें सबसे अलग और सबसे जुदा ऑफिसर बना डाला यह अपने उत्कृष्ट कामों, उत्कृष्ट नवाचारों, नैतिक आचरण और अपने संवेदनशील मानवीय स्वभाव की वजह से लोगों में संवेदनशील ब्यूरोक्रेट के नाम से जाने और पहचाने जाते हैं इन दिनों जयपुर में बरसात की वजह से कई जगहों पर जल भराव और कच्ची बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात बने हैं यहां कच्ची बस्तियों में मौके पर जाकर जितेंद्र कुमार सोनी खुद अपनी पैंट की कॉलर को ऊपर करके एसडीआरएफ के जवानों के साथ लोगों को राहत पहुंचाते हुए साफ नजर आ रहे हैं, जयपुर की सड़कों पर सफाई का संदेश देने के लिए झाड़ू लगाते नजर आते हैं यह एक ऐसी दिल को सुकून देने वाली तस्वीर है जिसे देखकर हर दांतों तले उंगली दबा लेता है क्योंकि इस तरह की तस्वीर अब से पहले जयपुर में नहीं देखी गई लेकिन जयपुर कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के लिए यह कोई नई बात नहीं है क्योंकि यह उनके स्वभाव में ही है इन्हें जब भी अपने सामने कोई व्यक्ति मुसीबत में दिखता है तो वे अपने प्राणों की परवाह किए बिना सामने वाले की जिंदगी को बचाने में खुद को पूरी तरह से समर्पित करते रहे हैं इसी तरह का कारनामा इन्होंने वर्ष 2016 में जालौर में करके दिखाया था जब एक जगह बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए खुद नीचे कूद गए थे और 8 लोगों को सुरक्षित बचा लिया था ।



### कठिन संघर्षों और कड़ी मेहनत के दम पर अपने माता-पिता के सपने को किया सरकार

जयपुर कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के अब तक के जीवन और उनकी अब तक की इस हाई प्रोफाइल सर्विस की नौकरी को आधार बनाकर कोई फिल्म बनाई जाए तो वह फिल्म निश्चित रूप से सुपर हिट तो साबित होगी ही इसके अलावा युवाओं के लिए भी काफी प्रेरणादायक साबित हो सकती है, क्योंकि सोनी का जन्म हनुमानगढ़ के धनसर गांव के एक साधारण से किसान मोहनलाल के घर में हुआ था जिनके घर में अब तक किसी ने कोई उच्च शिक्षित नहीं था और न ही कोई सरकारी सेवा में था, लेकिन इनकी मां ने बचपन में सोनी को जो मानवता के गुण सिखाए उसी का परिणाम है कि आईएएस बनने के बाद भी सोनी हमेशा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए तैयार रहते हैं ,कहते हैं कि जब सोनी छोटे थे तब कभी-कभी कलेक्टर गांव में चेकिंग के लिए आते थे तो सोनी अन्य बच्चों के साथ कलेक्टर की गाड़ी के पीछे-पीछे दौड़ लगाते थे तभी इनके पिता मोहनलाल ने इनसे कहा कि तुम्हें भी एक दिन इसी तरह से कलेक्टर बनना है शायद इस बात को बचपन में ही सोनी ने दिल से लगा लिया था परिवार के हालात खराब थे स्थितियां विपरीत थी इसके बावजूद भी सोनी ने कड़ी मेहनत और समर्पित भाव से पढ़ाई की जिसका परिणाम यह रहा की इनका वर्ष 2010 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन भी हो गया



### *नशा मुक्ति जयपुर अभियान भी तेज गति से हो रहा संचालित*

*जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के नेतृत्व में युवाओं को नशे से बचने के लिए सक्षम जयपुर पल के तहत नशा मुक्ति जयपुर अभियान की शुरुआत की गई । नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की राज्य स्तरीय बैठक में ई -शपथ वेबसाइट लांच की गई , जिसके माध्यम से 21 लाख नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने का लक्ष्य है , इस अभियान को व्यापक जन समर्थन प्राप्त हो रहा है ।*

### *जालौर में चरण पादुका अभियान की शुरुआत सोनी ने ही की थी*

*जालौर में कलेक्टर रहने के दौरान एक बार एक स्कूल के कार्यक्रम में जब सोनी ने बच्चों को फटे जूते में देखा कड़ाके की ठंड थी बच्चे ठंड से कम रहे थे ,बच्चों को देखकर सोनी का कलेजा भर गया और उन्होंने उस समय ही बच्चों को जूते खरीद कर दिए ,बाद में गांव में सर्वे करवाया गया की कितने बच्चों के पास जूते नहीं है, तब पता चला कि बड़ी संख्या में बच्चे नंगे पांव ठंड में स्कूल में पढ़ने आते हैं तो उन्होंने सोशल मीडिया के सहारे "चरण पादुका अभियान" की शुरुआत की जिसमें दानदाताओं ने भी बड़ी संख्या में पैसा डोनेट किया । सोशल मीडिया के माध्यम से सोनी ने इस अभियान को व्यापक रूप दे दिया था जिसके माध्यम से विदेश से भी कई दानदाताओं ने पैसे भेजें जिसकी वजह से हजारों की तादाद में गरीब और मजदूर बच्चों के लिए जूते खरीदे गए । यह अभियान अब तक भी जारी है और लाखों बच्चे इसका फायदा उठा रहे हैं । सोनी ने अपने फेसबुक पेज पर जबरो जालौर नाम से पेज बनाया था । इस पेज के माध्यम से जालौर जिले की लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी करते थे और उनका यह फेसबुक पेज देश और विदेश में काफी चर्चा में रहा सोनी के इस कार्य शैली को देश में अन्य जिलों के कलेक्टर ने भी अपनाया और यह एक बेहतर तरीका काम करने का सोनी ने जो निजात किया उसकी तारीफ पूरे देश और प्रदेश में हुई ।*

### अच्छे लेखक और साहित्यकार भी हैं सोनी, राजस्थानी फिल्म "भरखामा" के लेखक भी रहे, साहित्य का युवा पुरस्कार भी किया हासिल

जितेंद्र कुमार सोनी एक अच्छे लेखक और साहित्यकार भी हैं, साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए इन्हें साहित्य का युवा पुरस्कार भी मिल चुका है डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने भी इन्हें सम्मानित किया है, जब जालौर में कलेक्टर थे उस समय बाड़मेर फंसे लोगों को खुद हेलीकॉप्टर से एयरक्राफ्ट करके बचाया था उनके इस बहादुर काम को देखकर इन्हें जीवन रक्षा उत्तम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भी इन्हें उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया जा चुका है इसके अलावा इनके अच्छे कार्यों की गूंज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दफ्तर तक भी पहुंची है घ्र ऐसे अनेक पुरस्कार सोनी को अब तक मिल चुके हैं ।

### झालावाड़ में दुर्लभ खून "ओ नेगेटिव" के संकलन के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष प्रोजेक्ट की स्थापना की

जानकारी के अनुसार जयपुर कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी अपनी इस हाई प्रोफाइल नौकरी के शुरुआत के समय से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का बहुत अच्छी तरह से उपयोग करते हैं। जानते हैं कि आज के समय में सोशल मीडिया सूचना के प्रचार प्रचार का एक महत्वपूर्ण मध्य है, इसलिए इन्होंने अपने हर बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स के माध्यम से की जिसमें उन्होंने सफलता भी हासिल की । जालौर नागौर में कलेक्टर रहने के दौरान सोशल मीडिया का इन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए बहुत बढ़िया ढंग से इस्तेमाल किया। जिसका परिणाम यह है कि आज तक उनकी योजनाएं संपादित की जा रही है और इनकी ओर से शुरू किए गए प्रोजेक्ट अब विशाल रूप में स्थापित हो गए हैं । सोनी जब झालावाड़ के कलेक्टर थे उस समय झालावाड़ में दुर्लभ खून "ओ नेगेटिव" की कमी से काफी परेशानी हो रही थी। इसलिए इस खून के संकलन के लिए इन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष प्रोजेक्ट की स्थापना की और जिन लोगों का ब्लड ओ नेगेटिव उनको सोशल मीडिया के माध्यम से एक मंच पर लाने का काम किया और इस खून का संकलन किया एक अच्छा ब्लड बैंक इन्होंने इस विशेष खून का स्थापित कर लिया था अब यह झालावाड़ में रक्त कोष फाउंडेशन के नाम से स्थापित है जिससे अब तक हजारों लोगों की जान बचाई जा चुकी है । सोनी को दिव्यांगजनों हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए अलवर एवम झालावाड मे कलेक्टर रहते हुए राष्ट्रपति से राष्टिय स्तर के सम्मान से सम्मानित किया गया।



### सक्षम जयपुर अभियान का सफल संचालन

सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने समता ममता और क्षमता संवर्धन करते हुए जयपुर को सक्षम बनाने का बीड़ा उठाया। जयपुर अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी कार्य स्थल पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करवाना एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी देना है, जिससे वह निर्भीक एवं सम्मान से कार्य कर सकें सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले के समस्त पीएम श्री विद्यालयों एवं विभिन्न महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को गुड टच बेड टच आदि हेतु संस्थाओं के माध्यम से गतिविधियों का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका के जन्म अवसर पर मातृ एवं शिशु किट का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है ।अब तक कुल हजारों किट का वितरण किया जा चुका है । सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जा रहे, शिविर दिव्यांगजनों के विकास का आधार बना रहे हैं, शिविरों में दिव्यांगजनों को चिंहितिकरण स्वावलंबन पोर्टल पर प्रमाण पत्र बनाने यूआईडी कार्ड एवं रोडवेज पास बने सुखद दांपत्य जीवन योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना पालनहार योजना पेंशन योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना जैसी योजनाओं के लाभ दिलवाने के साथ सहायक उपकरण वितरण करने के लिए चिकित्सकों द्वारा जांच की जा रही है ।

### नरेगा आखिर अभियान का भी श्रेष्ठ संपादन

जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के नेतृत्व में नरेगा कार्य स्थल अब केवल मजदूरी की जगह नहीं बल्कि वह अब ज्ञान और सशक्तिकरण के केंद्र बनकर उभर रहे हैं । जयपुर जिला प्रशासन की पहल से सैकड़ो ग्रामीण श्रमिकों की जिंदगी की दशा और दिशा बदलती नजर आ रही है , यह अभियान सिर्फ अक्षर ज्ञान नहीं सीखा था बल्कि आत्मविश्वास अधिकारों की समझ और तकनीकी युग में कम से कदम मिलाकर चलने की ताकत भी देता है। जयपुर में कार्यरत कल 214907 श्रमिकों में सर्वे के बाद 46000 से अधिक श्रमिक अनपढ़ मिले जिन्हें नरेगा आखरअभियान के तहत अब तक जयपुर जिले में प्रशिक्षण प्राप्त 3866 मेट एवं कार्मिकों ने 45840 मनरेगा श्रमिकों को उल्लास पोर्टल पर पंजीकृत करने के पश्चात 41805 श्रमिकों को हस्ताक्षर करना। 35713 श्रमिकों को सामान्य अक्षर ज्ञान 27611 श्रमिकों को बुनियादी संख्यात्मक ज्ञान हासिल करवाने में सफलता हासिल की है । वही बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक एसेसमेंट टेस्ट की तैयारी हेतु श्रमिकों की संख्या 22000 को पार कर चुकी है कार्य योजना के तहत एक्टिव श्रमिकों की सूची तैयार करना निरीक्षक नरेगा श्रमिकों की सूची तैयार करना प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवा कर प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए प्रशिक्षक टीम तैयार करना और महिला मेट को प्रशिक्षित करना नरेगा कार्य स्थल पर कार्यरत अनपढ़ नरेगा श्रमिकों को हस्ताक्षर सीखना , बुनियादी साक्षरता में पढ़ना लिखना, गिनती करना ,वित्तीय साक्षरता की बात करें तो बैंकिंग खाता संचालन एटीएम, यूपीआई ,सरकारी योजनाओं से जुड़ाव डिजिटल साक्षरता में मोबाइल फोन का सुरक्षित उपयोग एप्स की जानकारी , ओटीपी पासवर्ड की सुरक्षा ऑनलाइन सरकारी सेवाओं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### लाडेसर अभियान, बिटिया गौरव पेटी अभियान का शानदार संचालन

जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के नेतृत्व में कुपोषण से मुकाबले के लिए लडेसर अभियान शुरू किया गया ।दानदाताओं के सहयोग से 5300 कुपोषित एवं 883 गंभीर कुपोषित बच्चों को प्राकृतिक प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट विटामिन वसा आयरन एवं अन्य पोषक तत्वों से युक्त लड़ेश्वर किट वितरित की गई । अभियान के तहत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की गहन मॉनिटरिंग की गई और यह कुपोषण के खिलाफ एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। बिटिया गौरव डैशबोर्ड नमक पल के तहत स्कूल की होनहार छात्राओं का नाम - बोर्ड पर अंकित किया जाता था इस अभियान की सफलता के बाद स्कूली छात्राओं के लिए बिटिया गौरव पेटी नाम से एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल का मकसद सिर्फ सुविधा देना नहीं बल्कि बेटियों के आंख में विश्वास को बढ़ाना भी है ।अभियान के तहत जयपुर जिले की पीएम श्री बालिका स्कूलों और छात्रावास में अध्यनरत बालिकाओं को उपयोगी वस्त्र और दैनिक आवश्यकताओं को सुरक्षित रखने के लिए हजारों बिटिया गौरव पेटीका वितरण किया गया है। पिछले 1 साल में विभिन्न प्रतियोगिकी परीक्षाओं के लिए उपयोग में ली गई लोहे की पेटियों को नीलम करने के बजाय इस बार जिला कलेक्टर की पहल पर इनका पुनः उपयोग करने का निर्णय लिया गया। इन पेटी को पेंट कराकर बिटिया गौरव पेटी लिखा गया और बालिका स्कूलों में भेजा जा रहा है ताकि छात्राएं इनमें सेनेटरी नैपकिन विटामिन डी वार्मिंग दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्रियां रख सके ।

### जयपुर को मॉडल जिला बनाने में सोनी की अहम भूमिका



प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करीब 20 साल तक प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पद पर रहे हैं, इसलिए इन्हें प्रदेश के प्रत्येक अधिकारी की कार्य शैली के बारे में अच्छी जानकारी है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जितेंद्र कुमार सोनी के विभिन्न जिलों में किए गए नवाचारों और उनके उत्कृष्ट कार्यो से पहले से ही वाकिफ थे । इसीलिए भजनलाल शर्मा ने सोच विचार करके सोनी को जयपुर जिला कलेक्टर पद के लिए लायक समझा, इस पद पर पोस्टेड हुए सोनी को 1 साल हो गया, एक साल में सोनी ने ठीक उसी तरह से जिस तरह से उन्होंने जयपुर से पहले कई जिलों में कलेक्टर की पद पर उन्होंने जयपुर से पहले कई जिलों में कलेक्टर के पद पर रहते हुए अपने नवाचारों से जिलों की जनता का दिल जीता था ठीक उसी तरह से पिछले 1 साल से जयपुर की जनता के जनता कलेक्टर के रूप में विख्यात हो चुके है। जयपुर की जनता के सच्चे दोस्त और सच्चे मित्र के रूप में साबित हुए हैं । सोनी के नेतृत्व में जयपुर का प्रशासनिक सफर सुशासन समावेशी विकास और नवाचार की एक साथ चलती धारा का साक्षी बना। रास्ता खोलो, नरेगा, आखर लड़ेश्वर बिटिया गौरव पेटी, सक्षम जयपुर अभियान ,नशा मुक्ति जयपुर अभियान जैसे अभियानों से न केवल सुशासन की दिशा में मिसाल कायम की बल्कि सिस्टम के प्रति जन विश्वास को नई ऊंचाई दी । जयपुर आज केवल कार्यों की सूची नहीं बल्कि एक जीवंत मॉडल है, जहां नीतियां जमीन पर उतरती हैं, व्यवस्थाएं लोगों तक पहुंचती है और बदलाव दिखता है, जिसकी वजह से जयपुर जिला एक मॉडल जिले के रूप में स्थापित हुआ है। जयपुर जिले में कलेक्टर पद पर सोने की पिछली 1 साल की प्रशासनिक उपलब्धियां की गिनती पर नहीं है बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब संवेदनशीलता नवाचार और दूरदर्शिता साथ चले तो परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। सोनी ने यह साबित करके दिखाया है कि कलेक्टर केवल आदेश देने वाला अधिकारी नहीं बल्कि जनता का साथ ही मार्गदर्शन और प्रेरक भी हो सकता है। सोनी ने केवल सरकारी योजनाओं के माध्यम से आम जन के जीवन में गुणात्मक सुधार लाया है बल्कि नवाचार पूर्ण प्रशासनिक सुधारो के जरिए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में पहचान बनाई है ।संवेदनशीलता निष्पक्षता दूर दृष्टि और जन उत्तरदायित्व जैसे लक्षणों से परिपूर्ण सोनी ने अपनी छवि को जनता के कलेक्टर के रूप में और मजबूत किया है। इन्होंने राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में निर्णायक भूमिका निभाई है और समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

### पाली में अपनी नौकरी के प्रोबेशनरी काल में ही दिखा दिए थे अपने मजबूत इरादे, स्कूल ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट की शुरुआत कर आए चर्चा में

वर्ष 2009 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के बाद सोनी को पाली में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में काम करने की जिम्मेदारी दी गई, यहां पर अपनी सर्विस के शुरू के सफर में ही इन्होंने पाली जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सोशल तरीके से स्कूल ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट की शुरुआत की, सोनी ने इस प्रोजेक्ट के तहत बसों में प्रोजेक्टर्स लगाएं जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित वीडियो और ऑडियो क्लिप संचालित किए गए सोनी खुद वॉलिंटियर्स के साथ पाली जिले में कच्ची बस्तियों में बच्चों को पढ़ने के लिए जाया करते थे, इस प्रोजेक्ट को सोनी ने बहुत ही शानदार तरीके से संपादित किया जिसकी वजह से कच्ची बस्तियों के बच्चे पढ़ने में काफी निपुण हो गए थे उनके इस प्रोजेक्ट की चर्चा पूरे प्रदेश और देश में हुई इसको लिखने कार्य के लिए सोनी को पुरस्कृत भी किया गया यानी अपनी सर्विस के ट्रेनिंग के पीरियड में ही इन्होंने अपनी वर्किंग स्टाइल और अपने नवाचार से पूरे राजस्थान में सुर्खियां बटोर ली थी यह प्रोग्राम अब भी पाली जिले में व्यापक तौर पर संचालित किया जा रहा है ।

**गिव अप अभियान में जयपुर जिला नंबर वन-** जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जयपुर जिले में गिव अप अभियान का सफल संचालन किया गया योजना के तहत जयपुर में अब तक 225000 से अधिक व्यक्तियों ने गिव अप किया है गिव अप में राज्य के 41 जिलों में जयपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही 248000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है

### सोनी का प्रशासनिक दृष्टिकोण काफी व्यापक, लोगों का समग्र विकास सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी का प्रशासनिक दृष्टिकोण केवल शासन प्रशासन तक सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा और सामाजिक न्याय को केंद्र में रखकर जनजीवन को समग्र रूप से सुधारने पर आधारित है, उनके सक्रिय प्रयास और दूरदर्शी योजनाएं जयपुर में इस बात का प्रमाण है। सोनी केवल कुशल प्रशासक ही नहीं बल्कि शिक्षा और सामाजिक न्याय को जोड़कर व्यापक विकास की राह पर काम कर रहे हैं ।उनका दृष्टिकोण जन सहभागिता और सतत परिवर्तन पर आधारित है । सोनी के नवाचार न केवल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुशासन के विजन को साकार करते नजर आए बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सर्वसाधारण की जिंदगी आसान बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं ।

### सोनी ने 10 महीना में ही जयपुर जिले में 1414 रास्ते खुलवाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की निर्देशों की अनुपम में रास्ता खोलो अभियान अब ग्रामीण एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। पिछले 10 महीना में कम समय में ही जयपुर जिला प्रशासन की ओर से 1414 रास्ते खुलवाए जो इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील नेतृत्व किस तरह बदलाव ला सकता है। ग्रामीणों ने जब देखा कि उनकी पीडिया से चली आ रही समस्या अब खत्म हो रही है तो उनके चेहरे पर वही सुकून झलकने लगा जो बरसों से इंतजार में था। जयपुर जिला प्रशासन ने नए केवल रास्ते खुलवाएं बल्कि रास्तों पर फिर से अतिक्रमण नहीं हो यह सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अब तक 266 किलोमीटर से अधिक ग्रेवल एवं 10 किलोमीटर से अधिक लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाया जा चुका है ।

# समय के अनुरूप जीएसटी में सुधार

*जबकि 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब केवल विलासिता और हानिकारक वस्तुओं जैसे कि सट्टेबाजी और कैसिनो, बड़े वाहनों और कुछ गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के लिए नियत की गई है। पुराने सिस्टम के तहत शब्दों में छोटा सा अंतर बड़ी विसंगति की वजह बनता रहा है। जैसे क्या पराठा रोटी के समान था? पनीर को छूट और चीज पर टैक्स? ये अस्पष्टताएं वर्गीकरण विवाद, मुकदमेबाजी और प्रशासनिक बैकलाग की स्थिति को निर्मित करती रहीं। इसके चलते तमाम छोटे उद्यमों के लिए अनुपालन के मोर्चे पर अधिक समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च करने पड़ते। स्वाभाविक रूप से इसका उत्पादन पर असर पड़ता। अब चार स्लैब वाली व्यवस्था को दो श्रेणियों में सिमेटकर परिषद ने विवादों की गुंजाइश को घटाते हुए कर प्रणाली में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए उसे अधिक पूर्वानुमानित बना दिया है। इस सुधार से लोगों को सीधी राहत भी मिलने वाली*




सुधारों को अक्सर इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो इनसे हर किसी को लाभ पहुंचता है। वास्तविकता में सुधारों के भी दो पहलू होते हैं। इसमें भी किसी को लाभ होता और किसी को नहीं। सुधार इतना जरूर करते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों और लोगों पर बोझ की दिशा बदल देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या सुधारों के नाम पर की जाने वाली पहल अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, अधिक टिकाऊ विकास पथ पर ले जाती है। हाल में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के मोर्चे पर किए गए सुधार इसी गतिशीलता को दर्शाते हैं। इसके जरिये कर संरचना को सरल बनाकर, लोगों पर बोझ घटाकर, उत्पादकों के लिए विसंगतियों को दुरुस्त कर और विवाद समाधान प्रणाली को मजबूत कर परिषद ने जीएसटी को भ्रम और अनुपालन की जटिलता के जाले से बाहर निकालकर विकासोन्मुख ढांचे की ओर नए सिरे से उन्मुख किया है। इन सुधारों का सशक्त पहलू यह है कि इसमें मध्यमवर्गीय उपभोक्ता विजेता के रूप में उभरता दिखता है। सबसे स्पष्ट परिवर्तन चार स्तरों वाले जीएसटी ढांचे से एक सरल और नागरिक हितैषी प्रणाली की ओर बढ़ना है, जिसमें केवल दो मुख्य स्लैब हैं। मेरिट वस्तुओं के लिए पांच प्रतिशत और मानक स्लैब के रूप में 18 प्रतिशत। जबकि 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब केवल विलासिता और हानिकारक वस्तुओं जैसे कि सट्टेबाजी और कैसिनो, बड़े वाहनों और कुछ गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के लिए नियत की गई है। पुराने सिस्टम के तहत शब्दों में छोटा सा अंतर बड़ी विसंगति की वजह बनता रहा है। जैसे क्या पराठा रोटी के समान था? पनीर को छूट और चीज पर टैक्स? ये अस्पष्टताएं वर्गीकरण विवाद, मुकदमेबाजी और प्रशासनिक बैकलाग की स्थिति को निर्मित करती रहीं। इसके चलते तमाम छोटे उद्यमों के लिए अनुपालन के मोर्चे पर अधिक समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च करने पड़ते। स्वाभाविक रूप से इसका उत्पादन पर असर पड़ता। अब चार स्लैब वाली व्यवस्था को दो श्रेणियों में सिमेटकर परिषद ने विवादों की गुंजाइश को घटाते हुए कर प्रणाली में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए उसे अधिक पूर्वानुमानित बना दिया है। इस सुधार से लोगों को सीधी राहत भी मिलने वाली है। दूध, पनीर और ब्रेड अब जीएसटी से मुक्त हो गए हैं। जबकि साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, साइकिल और रोजमर्रा उपभोग में आने वाली कई वस्तुएं जो पहले 12 या 18 प्रतिशत की श्रेणी में आती थीं, उन पर दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे घरेलू बजट का संतुलन और बेहतर होगा। एसी, टीवी, बाइक से लेकर छोटी कारों समेत कई वस्तुओं पर दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना भी लाभ पहुंचाने वाला सिद्ध होगा। जीएसटी सुधार के पीछे मंशा एकदम स्पष्ट है कि लोगों के पास अधिक से अधिक पैसा रहे, जो खर्च होकर आर्थिकी को गति प्रदान करे। जहां निजी उपभोग की जीडीपी में करीब 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, वहां यह पहल मांग को तात्कालिक रूप से बढ़ाने का काम करेगी। स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी इस सुधार से घटेगा। पहली बार जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को कर मुक्त कर दिया गया है। कई जीवनरक्षक दवाएं भी कर मुक्त हो गई हैं, जबकि स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़े उपकरणों पर भी टैक्स घटा दिया गया है। यहां मुद्दा केवल कल्याण का नहीं, बल्कि विकास का भी है। किफायती स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक बीमा कवरेज लोगों को चिकित्सा खर्च के झटकों से बचाने का काम करते हैं। इससे अन्य खर्चों के लिए संसाधन बचेंगे। साथ ही, स्वस्थ और अधिक सुरक्षित कार्यबल बनाकर उत्पादकता में सुधार की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के जरिये भी उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। यह स्थिति तब बनती है जब इनपुट पर तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक कर लगता है। यह उद्यमों के लिए अनुपयोगी क्रेडिट जमा करने, तरलता पर दबाव डालने और प्रतिस्पर्धा गंवाने का कारण बनता है। कपड़ा क्षेत्र इस समस्या से बहुत प्रभावित था, जहां मानव निर्मित फाइबर पर 18 प्रतिशत, यार्न पर 12 प्रतिशत और तैयार कपड़े पर पांच प्रतिशत कर था। उर्वरकों को भी ऐसी विसंगतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें कच्चे माल पर 18 प्रतिशत, लेकिन अंतिम उत्पादों पर पांच प्रतिशत कर लागू था। अब इन विसंगतियों को सुधारा गया है। ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी पर कर की दर को 12 से पांच प्रतिशत तक कम किया गया है, जिससे किसानों के लिए लागत घटेगी। नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पांच प्रतिशत कर लगने से स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में कदमों को और मजबूती मिलेगी। एक महत्वपूर्ण सुधार संस्थागत स्तर पर भी है। जीएसटी प्रणाली की लंबे समय तक इसलिए आलोचना की गई कि उसमें राष्ट्रीय स्तर के उचित अपीलीय तंत्र का अभाव है। उद्यमों को अक्सर राज्यों के बीच असंगत निर्णयों का सामना करना पड़ा, जिसने अनिश्चितता को बढ़ाया। इस कड़ी में 2025 के अंत तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण यानी जीएसटैट को अमल में लाने का निर्णय महत्वपूर्ण है। न्यायाधिकरण सितंबर से अपीलें स्वीकार करेगा

सम्पादकीय

## तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर से हिमालय पर बढ़ रही हैं झीलें



हिमनदों का तेजी से पिघलना जलवायु परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का संकेत है। इससे विनाशकारी बाढ़, जल संकट, समुद्र के स्तर में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन जैसे संकट की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हिमनदों के पिघलने से पहाड़ों पर नई झीलें बन रही हैं और पहले से बनीं झीलों का दायरा भी बढ़ रहा है, जो कभी भी आसपास के इलाकों में भयंकर तबाही मचा सकती हैं। केंद्रीय जल आयोग की हालिया रपट में कहा गया है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र में 432 हिमनद झीलों का आकार चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। इस वर्ष जून के दौरान इन झीलों के जल क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है। सवाल यह है कि ये झीलें बढ़ते पानी का दबाव आखिर कब तक झेल पाएंगी? ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में जल का यह अथाह भंडार बड़ी आपदाओं का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि इन हिमनद झीलों का गहन अध्ययन किया जाए और इनकी नियमित रूप से निगरानी की जाए। केंद्रीय जल आयोग की रपट के मुताबिक, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के हिमालयी क्षेत्र में हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं और वहां बनी झीलों का आकार लगातार बढ़ रहा है। भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2011 में 1,917 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़ कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यानी इन झीलों के क्षेत्रफल में 30.83 फीसद की वृद्धि हुई है, जो आसपास की आबादी के लिए कभी भी प्रलयकारी साबित हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक 197 विस्तारित हिमनद झीलें हैं अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक 197 विस्तारित हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान और दून विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी पाया गया है कि उत्तराखंड में हिमनदों के पिघलने से बन रही झीलों में मिट्टी, मलबा और पत्थर भी जमा हो रहे हैं। प्रदेश में पिछले दस वर्षों में हिमनद झीलों की संख्या 19.2 फीसद तक बढ़ी है। इससे साफ है कि खतरा लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात साफ हो चुकी है कि बढ़ता वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन हिमनदों के पिघलने का मुख्य कारण है। इसका नतीजा न केवल विनाशकारी बाढ़ के रूप में देखने को मिल सकता है, बल्कि गंभीर जलसंकट जैसी स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाकर और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर सतत विकास के माडल पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार, समाज, विज्ञान और जनमानस को मिल कर इस चुनौती से निपटने के उपायों पर काम करना होगा। जिन पर्वतीय इलाकों में हिमनद झीलों का विस्तार हो रहा है, वहां निचले इलाकों में रह रहे समुदायों के लिए वास्तविक समय पर आधारित निगरानी प्रणाली और उपग्रह-आधारित सतर्कता एवं पूर्व-चेतावनी तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए।

## शिक्षकों की साख संभाली जाए



आज देश शिक्षक दिवस मना रहा है। प्राचीन भारतीय परंपरा में गुरु समाज में ही नहीं, सत्ता द्वारा भी सम्मानित किया जाता था। गुरुकुल के अधिष्ठाता से मिलने जब राजा-महाराजा भी जाते थे, तो वे परिसर के बाहर ही अपना सारा ताम-झाम और सुरक्षा छोड़ देते थे, अंदर जाकर आचार्य की चरणधूलि लेकर अपने को धन्य समझते थे, लेकिन आज स्थिति अलग है? एक बार मैं हवाई जहाज में यात्रा कर रहा था, तो मेरे बगल में एक बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री बैठे थे। कुछ देर बाद उन्होंने मुझसे कहा कि प्रोफेसर साहब, कोई ऐसा उपाय बताइए, जिसमें शैक्षिक सुधार लोगों को दिखाई देने लगे, मगर अधिक धन लगाने की आवश्यकता न पड़े। बिना किसी देरी के मैंने कहा कि ऐसा उपाय है। अगर आप इसे लागू कर सकें तो छात्रों का नामांकन बढ़ जाएगा, अध्यापकों की स्कूल उपस्थिति में भारी सुधार होगा, कर्मठता बढ़ेगी और सरकारी स्कूलों की साख भी लौटने लगेगी। आपको केवल एक आदेश जारी करना होगा कि कोई भी अध्यापक-प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक जब किसी अधिकारी से मिलने जाए, तो वह कुर्सी से उठकर उसका स्वागत करे, कुर्सी पर बैठाए, उसके बाद अपना आसन ग्रहण करे। उसके अनुरोध को प्राथमिकता से सुने और निपटाए, अधिकारी उसे दरवाजे तक छोड़ने जाए और उसके मातहत कर्मचारी इसे देखें। मुख्यमंत्री बोले कि यह लगता तो सरल है, किंतु इसके त्वरित प्रभाव व्यवस्था यानी नौकरशाही पर ठीक नहीं पड़ेंगे। उन्होंने इसे प्रभावशाली कदम बताया, मगर लागू करने का साहस नहीं किया। यह सही है कि सरकारी स्कूल बड़ी संख्या में अध्यापकों की अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए जाने जाते हैं। ऐसे अत्यंत निंदनीय चलन के लिए अध्यापक, वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासनिक व्यवस्था ही जिम्मेदार हैं। यह 'चलन' केवल अध्यापकों तक ही फैली नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थापित अनेक सरकारी अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी से 'मोलभाव' कर लेते हैं। हफ्ते में एक-दो दिन अपने कार्यस्थल पर जाकर सारे सप्ताह की उपस्थिति दर्ज कर लेते हैं। इस सबका समाधान क्या है? इसे ढूंढ़ने के पहले यह जानना होगा कि ऐसी अवस्था पनपी कैसे? यह अनैतिक स्थिति मुख्य रूप से शिक्षकों के प्रति समाज की बेरुखी और व्यवस्था के अपमानजनक व्यवहार से ही उपजी है। समाज की शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की साख में भारी गिरावट की स्थिति के प्रति उदासीनता ने इसे अत्यंत अशोभनीय स्तर तक गिरा दिया है। 2012 में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जेएस वर्मा ने कहा था कि देश के दस हजार शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान 'डिग्री बेच रहे हैं।' उनकी गुणवत्ता में कोई रुचि है ही नहीं। आठ साल बाद इस कथन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में पुन दोहराया गया। यह कितनी शर्मनाक स्थिति है। इसके लिए जिम्मेदार एक अन्य पक्ष को भी ठीक से समझने की आवश्यकता है। राजस्थान के दूरदराज के क्षेत्रों में 1955-60 के दौरान यदि किसी स्कूल का दरवाजा टूट जाता था, तो ग्रामीण उसे अपना स्कूल मानते हुए नया लगा देते थे। अब इतना सरकारीकरण हो चुका है कि जब ज्यादा ठंड पड़ती है, तो लोग कहते हैं कि स्कूल की खिड़की उखाड़कर जलाएं, सरकार खुद लगाएगी। दरअसल समाज का स्कूल से जो परंपरागत संबंध था, अध्यापकका जो सम्मान था, उसके तिरोहित होने में सरकारी अधिकारियों की असंवेदनशीलता और अहंकार मुख्य रूप से जिम्मेदार रहे हैं। देश के 56 प्रतिशत बच्चे आज भी सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, पीएमश्री विद्यालय जैसे केंद्र संचालित स्कूलों की साख पूरे देश में है, लेकिन सरकारी स्कूलों में सबसे बड़ा प्रतिशत उन बच्चों का है, जिनके पालकों ने उन्हें यहां प्रवेश केवल इसलिए दिलाया है, क्योंकि वे किसी निजी स्कूल में प्रवेश नहीं दिला सके। सरकारी स्कूलों की साख के लगातार गिरने का एक कारण यह है कि व्यवस्था में ऊपर से नीचे तक जिन-जिन पर इसका उत्तरदायित्व है, उनके अपने बच्चे भी निजी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। अध्यापकों का सम्मान उनके अपने प्रयासों का योगदान भी मांगता है। क्या वे एक अनुकरणीय कार्यसंस्कृति का उदाहरण पेश कर रहे हैं? दूसरे विश्व युद्ध के बाद जापान के पुनर्निर्माण में वहां के शिक्षकों की बड़ी भूमिका थी।

## यूरोप में मचे घमासान की जड़ें कहीं और हैं

**अब इनमें कुछ और आवाजें मिल गई हैं। मिसाल के तौर पर ऑस्ट्रिया के युवा चांसलर सेबास्टियन कुर्त्स भी कड़ी आप्रवासन नीति की वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय संघ के सदस्यों को इस बात के लिए बाध्य नहीं नहीं किया जा सकता कि वे अपने यहां शरणार्थियों बसाएं। कुर्त्स 31 साल के हैं और उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रिया की सत्ता संभाली है। वह खुद कंजरवेटिव हैं और धुर दक्षिणपंथी फ्रीडम पार्टी के साथ मिल कर सरकार चला रहे हैं। कुर्त्स के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया यूरोपीय संघ के लिए सिर दर्द बन रहे पोलैंड, हंगरी**




यूरोप में घमासान मचा है। यूरोपीय एकता की दीवारें दरक रही हैं। यूरोपीय संघ के अस्तित्व पर सवाल उठ रहे हैं। और इसकी सबसे बड़ी वजह हैं मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों से आने वाले आप्रवासी, जो अपनी जिंदगी और बेहतर भविष्य की आस में हजारों लाखों की तादाद में यूरोप की तरफ चले आ रहे हैं। संकट इस कदर गंभीर है कि शरणार्थियों का खुले दिल से स्वागत करने वाली जर्मन चांसलर अंगेला मैर्केल न सिर्फ यूरोपीय संघ के स्तर पर लगातार हमले झेल रही हैं, बल्कि उनकी अपनी सरकार पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उनकी गठबंधन सरकार में गृह मंत्री हॉर्स्ट जेहोफर उन्हें आंख दिखा रहे हैं और जर्मनी में आने वाले शरणार्थियों की संख्या पर हर हाल में पाबंदियां लगाना चाहते हैं। बात यहां तक हो रही है कि अगर जेहोफर की बात नहीं मानी गई तो उनकी पार्टी सीएसयू मैर्केल की सीडीयू पार्टी से अलग हो जाएगी जिसके बाद सरकार का गिरना तय है। सीएसयू अगर सीडीयू के साथ अपना 70 साल से ज्यादा पुराना गठबंधन तोड़ने के बारे में सोच सकती है, तो समझ लीजिए मामला कितना अहम है। दूसरी तरफ पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और चेक रिपब्लिक, ये चारों देश शरणार्थियों के मुद्दे पर झुकने को तैयार नहीं हैं। यूरोपीय संघ चाहता है कि सभी सदस्य देश शरणार्थी संकट का बोझ मिलजुल कर उठाएं। इसके लिए एक कोटा योजना के तहत सभी सदस्य देशों को निर्धारित संख्या में अपने यहां शरणार्थियों को बसाना है। लेकिन पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और चेक रिपब्लिक को यह बिल्कुल मंजूर नहीं। इन देशों ने उस बैठक का भी बहिष्कार करने का एलान किया जो यूरोपीय आयोग के प्रमुख जाँ क्लोद युंकर और जर्मन चांसलर अंगेला मैर्केल ने आप्रवासी नीति पर चर्चा करने के लिए बुलाई है। 2015 के शरणार्थी संकट के बाद से ही ये देश इस मुद्दे पर यूरोपीय संघ में बागी तेवर अपनाए हुए हैं। अब इनमें कुछ और आवाजें मिल गई हैं। मिसाल के तौर पर ऑस्ट्रिया के युवा चांसलर सेबास्टियन कुर्त्स भी कड़ी आप्रवासन नीति की वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय संघ के सदस्यों को इस बात के लिए बाध्य नहीं नहीं किया जा सकता कि वे अपने यहां शरणार्थियों बसाएं। कुर्त्स 31 साल के हैं और उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रिया की सत्ता संभाली है। वह खुद कंजरवेटिव हैं और धुर दक्षिणपंथी फ्रीडम पार्टी के साथ मिल कर सरकार चला रहे हैं। कुर्त्स के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया यूरोपीय संघ के लिए सिर दर्द बन रहे पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और चेक रिपब्लिक के करीब जा रहा है। इन बागी आवाजों में सबसे ताजा स्वर इटली का मिला है, जहां पिछले दिनों धुर दक्षिणपंथी पार्टियों ने मिल कर सरकार बनाई है। इटली के नए गृह मंत्री मातेओ सालविनी शरणार्थी विरोधी तेवरों के लिए जाने जाते हैं। सालविनी चुनावों में जनता से किए गए वादे के प्रति गंभीर दिखाई देते हैं। यह वादा था इटली की धरती से एक लाख शरणार्थियों को जल्द से जल्द डिपोर्ट करना। और यह काम शुरू भी हो चुका है। पिछले हफ्ते इटली की सरकार ने एक शिप को वापस लौटा दिया जिस पर 630 लोग सवार थे। बाद में यह शिप स्पेन पहुंचा, जिसने शरणार्थियों को लेने की इजाजत दी थी। इटली में पिछले कुछ सालों में नौकाओं पर सवार होकर लगभग दर्जनों देशों के लगभग छह लाख लोग पहुंचे हैं। इनमें से कुछ लोग चकमा देकर दूसरे यूरोपीय देशों में भाग गए हैं। लेकिन ज्यादातर इटली में ही मौजूद हैं और वहीं उन्होंने शरण के लिए आवेदन दिया है। इस तरह के लगभग 1.33 लाख आवेदन पेंडिंग पड़े हैं। यूरोपीय संघ के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल इटली ने सात हजार से ज्यादा लोगों को अपने यहां से निकाला है। माना जाता है कि अभी डेढ़ लाख लोगों पर इसी तरह निष्कासन की तलवार लटक रही है। हंगरी, पोलैंड, स्लोवाकिया, चेक रिपब्लिक जैसे देशों का कहना है कि जब सब शरणार्थी जर्मनी और दूसरे पश्चिमी यूरोप के देशों में जाना चाहते हैं, तो उन पर इन्हें लेने के लिए क्यों दबाव डाला जा रहा है। यूरोपीय संघ जिन मानवीय मूल्यों पर टिका है, उनके तहत सीरिया, इराक या फिर अफगानिस्तान जैसे संकटग्रस्त क्षेत्रों से जान बचाकर भागे लोगों को शरणार्थी के तौर पर लेने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन लाखों की तादाद में आ रहे इन लोगों के कारण सामाजिक और आर्थिक संसाधनों पर यूरोपीय देशों में बोझ बढ़ रहा है।



## जूनियर एनटीआर की सोलो स्पाई फिल्म एजेंट विक्रम अब हुई बंद

यशराज फिल्म्स की सबसे फिल्मों में से एक वॉर 2 बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही। कमजोर कंटेंट के चलते न केवल दर्शकों और समीक्षकों ने फिल्म को नकारात्मक प्रतिक्रिया दी बल्कि थिएटर में भी यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। इस नाकामी से यशराज स्टूडियो को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है, जिसका सीधा असर बैनर की स्पाई यूनिवर्स की आगे की फिल्मों पर पड़ा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब स्टूडियो के प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने जूनियर एनटीआर के किरदार एजेंट विक्रम पर बेस्ड स्टैंडअलोन फिल्म को बंद करने का फैसला ले लिया। सूत्रों के मुताबिक... यशराज का इरादा जूनियर एनटीआर की पैन इंडिया लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए उनके किरदार पर एक सोलो फिल्म बनाने का था और क्रिएटिव टीम इस पर काम भी शुरू कर चुकी थी। लेकिन वॉर 2 की असफलता के कारण इस फिल्म को शुरू होने से पहले ही बंद करना पड़ा।

## डायरेक्टर निखिल नागेश करेंगे हॉलीवुड डेब्यू



निर्देशक निखिल नागेश भट्ट ही में अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म किल से दर्शकों का खूब दिल जीता। यह फिल्म कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाई गई और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। खासकर इसके नए तरह के एक्शन को दर्शकों ने काफी पसंद किया। अब निखिल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी अगली फिल्म के जरिए सीधे हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार... वह काफी समय से यूनिवर्सल स्टूडियोज के अधिकारियों से मुलाकात कर रहे थे और अब बातचीत आगे बढ़ चुकी है। यह एक हाई-ऑक्टेन ग्लोबल एक्शन फिल्म होगी, जिसे बड़े पैमाने और हाई बजट में बनाया जाएगा।

# कांतारा चैप्टर 1 के बाद टॉक्सिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में भी रुक्मिणी वसंत की एंट्री



**कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।**

पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 में उनकी एंट्री ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर टॉक्सिक और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म ड्रैगन में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म मधरासी के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं।

एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टारर तमिल फिल्म मधरासी के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा ड्रैगन और गीतू मोहनदास निर्देशित टॉक्सिक-अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स में भी कास्ट किया गया है।

### इस साल मधरासी के बाद कांतारा चैप्टर 1 अगले साल भी रुक्मिणी की दो फिल्में

रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से एनटीआर-नील प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है।

### रुक्मिणी वसंत की फिल्में

रुक्मिणी वसंत ने इसके अलावा बनादारियाल्ली, बघीरा और भैरथी रानागल जैसी बड़े बैनर वाली कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो और ऐस जैसी फिल्मों से तेलुगू और तमिल इंडस्ट्री में भी कदम रखा। अब उनकी शिवकार्तिकेयन स्टारर मधरासी इसी शुक्रवार, 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### कौन हैं रुक्मिणी वसंत

साल 2019 में अपने करियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म बिरबल थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं। साल 2023 में हेमंत एम राव के डायरेक्शन में बनी सप्त सागरदाचे एलो से रुक्मिणी को पॉपुलैरिटी मिली। इसमें उनके साथ रक्षित शेट्टी थे।



# डर को भी डराने आ रही मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की फिल्म

### 30 साल बाद फिर करेंगे धमाका!

**मुंबई का किंग कौन... साल 1998 में मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी ने सत्या के साथ इतिहास रचने का काम किया था। इसके बाद एक्टर-डायरेक्टर की इस जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को शूल, रोड, कौन? जैसी बेहतरीन फिल्में दीं। अब करीब तीन दशक बाद दोनों फिर साथ आ रहे हैं। जी हां, राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। शूटिंग शुरू हो चुकी है।**

इस बार यह जोड़ी डराने के साथ ही हंसाने भी आ रही है। फिल्म हॉरर-कॉमेडी है और नाम पुलिस स्टेशन में भूत है। राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है। राम गोपाल वर्मा लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में पुलिस स्टेशन में भूत अपने टाइटल के साथ ही एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव की उम्मीद जगाती है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ जिनिलिया डिसूजा की जोड़ी है। राम गोपाल वर्मा ने बताया है कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

### यह बहुत खास है...

मनोज बाजपेयी ने फिल्म का फर्स्ट लुक मोशन पास्टर शेयर करते हुए लिखा है, शूटिंग शुरू। सत्या से अब तक... राम गोपाल वर्मा के साथ करीब 30 साल बाद दोबारा जुड़ना से रोमांच से भरा हुआ है। हमारी नई हॉरर-कॉमेडी पुलिस स्टेशन में भूत, यह बहुत खास है।

### पुलिस स्टेशन में भूत का प्लॉट

फिल्म की कहानी में डर, विडंबना और राम गोपाल वर्मा की अपना अलग अंदाज है। फिल्म के पोस्ट पर लिखा है, आप मुर्दों को गिरफ्तार नहीं कर सकते। मेकर्स ने फिल्म के प्लॉट को लेकर कहा है, जब हम डरते हैं तो पुलिस स्टेशन भागते हैं, लेकिन जब पुलिस डरेगी तो वह कहां भागेगी?

### यह डर के हमारे नजरिए की सीमाओं को तोड़ देगी

राम गोपाल वर्मा कहते हैं, सत्या के बाद मनोज के साथ फिर से काम करना पुरानी यादों और रोमांच दोनों को ताजा करता है। डर तब सबसे भयावह हो जाता है, जब वह सुरक्षा के सर्वोच्च अधिकार को चुनौती देता है। पुलिस स्टेशन शक्ति का ऐसा ही प्रतीक होता है। मनोज और जिनिलिया की की जोड़ी कहानी में डर को देखने के हमारे नजरिए की सीमाओं को तोड़ देगी।

### पुलिस स्टेशन में भूत रिलीज डेट

हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन समझा जा रहा है कि तैयारी इसी साल के आखिर में या फिर अगले साल की शुरुआत में इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने की है।



# शाहिद ने पूरी की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग

### अहम किरदार में होंगी तृप्ति डिमरी

अभिनेता शाहिद कपूर के फैंस के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने विशाल भारद्वाज के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। हालांकि इस फिल्म का क्या नाम होगा, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि इस फिल्म में कौन-कौन से कलाकार होंगे। शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर विशाल भारद्वाज के साथ एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर को कुछ समझाते हुए नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने इस तस्वीर के साथ एक नोट लिखा है। नोट में उन्होंने बताया है कि इस फिल्म के टाइटल का जल्द ही एलान किया जाएगा।

### ये कलाकार होंगे फिल्म का हिस्सा

शाहिद कपूर ने पोस्ट में बताया है कि इसमें तृप्ति डिमरी अहम किरदार में होंगी। इसके अलावा दिशा पाटनी, नाना पाटेकर, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी भी फिल्म में नजर आएंगे। शाहिद कपूर ने पोस्ट में लिखा मैं यह बताते हुए बहुत उत्साहित हूं कि विशाल भारद्वाज के साथ मेरी चौथी फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई। नाम जल्द बताया जाएगा। हमेशा की तरह यह मेरे लिए एक नई दुनिया और एक बेहद अलग किरदार है। यह मेरे लिए बहुत खास है। शाहिद कपूर ने पोस्ट में लिखा तृप्ति डिमरी के साथ काम करके बहुत मजा आया। नाना पाटेकर ने जटिल सीन को आसान किया। फरीदा जलाल आपकी शालीनता के लिए शुक्रिया। अविनाश तिवारी आपकी प्लेलिस्ट के लिए शुक्रिया। दिशा पाटनी आपने और मैंने दोनों गानों में कमाल कर दिया।





# रेंजर में फॉरेस्ट ऑफिसर हैं अजय, संजय बने शिकारी



अजय देवगन और उनकी फिल्मों की शूटिंग्स पर मुंबई की बारिश का असर नहीं पड़ रहा है। वह लगातार अपनी कई फिल्मों को पूरी करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उनकी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग पूरी हुई है, जबकि वह रेंजर और धमाल 4 जैसी बड़ी फिल्मों को भी पूरा करने में लगे हुए हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रेंजर कुछ-कुछ इंडियाना जोन्स के जोन में है। उसमें संजय दत्त भी हैं। वह सुपरपावर वाले शिकारी के रोल में हैं। अजय यहीं पर नहीं थम रहे। वह कन्नड़ हॉरर कॉमेडी की रीमेक भी प्लान कर रहे हैं।



### जंगल में अजय और संजय करते दिखेंगे एक्शन, सितंबर या अक्टूबर में फिर शुरू होगी शूटिंग

अजय और संजय स्टारर रेंजर की शूटिंग हाल ही में श्रीलंका में हुई थी। हालांकि, फिलहाल इसकी शूटिंग रुकी हुई है लेकिन उम्मीद है कि सितंबर या अक्टूबर में यह फिर से शुरू होगी। इस फिल्म में संजय एक स्टाइलिश शिकारी की भूमिका में हैं, जो अपनी खास तकनीकों से जानवरों को नियंत्रित करता है। यह फिल्म किसी सुपरनैचुरल कहानी पर आधारित नहीं है, बल्कि जानवरों की तस्करी और उनके रखवालों की चुनौतियों की एक वास्तविक और रोचक कहानी है। फिल्म में अजय एक साहसी फॉरेस्ट रेंजर के किरदार में नजर आएंगे जो जंगल में जानवरों की रक्षा के लिए लड़ते दिखेंगे।

### साउथ के निर्देशक जेपी के साथ एक हॉरर कॉमेडी फिल्म भी करेंगे अजय

अजय का काम धमाल 4 और रेंजर के साथ खत्म नहीं हो रहा है। इसके बाद, वह अपनी दो सबसे सफल फ्रेंचाइज गोलमाल 5 और दृश्यम 3 पर काम शुरू करेंगे। गोलमाल 5 की शूटिंग दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद है, जबकि दृश्यम 3 की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है और इसकी शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है। इनके अलावा, अजय एक नए प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक, वह कन्नड़ फिल्म सु फ्रॉम सो के निर्देशक जेपी तुमिनाड के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। इसका निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस करेगा। यह अजय के लिए एक नया जॉनर होगा।

### दे दे प्यार... 2 की शूटिंग लंदन में पूरी, माधवन भी आएंगे नजर

अजय ने अपनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इस महीने की शुरुआत में ही वह लंदन से वापस लौटे हैं, जहां फिल्म के कई अहम सीन फिल्माए गए। इस सीक्वल में आर माधवन भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे, जो रकुल प्रीत सिंह के पिता की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां पहले भाग का अंत हुआ था, जिससे दर्शकों को एक नई और दिलचस्प कहानी देखने को मिलेगी। माधवन के साथ अजय लगातार फिल्में कर रहे हैं। शैतान में दोनों का फेस ऑफ दिखा था। काजोल की मां के प्रमोशन में भी माधवन खास तमिलनाडु से मुंबई प्रमोशन और फ्रेंडशिप के लिए आए थे।



### धमाल 4 के क्लाइमैक्स की शूटिंग भी है अभी बाकी

अजय की इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित धमाल 4 की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है। क्लाइमैक्स की शूटिंग बाकी है। मुंबई में हो रही बारिश के बावजूद फिल्म की शूटिंग जारी है। फिलहाल, फिल्म का कुछ काम बाकी है, जिसमें मड आइलैंड और अंधेरी के एक स्टूडियो में कुछ दिनों की शूटिंग शामिल है। गुरुवार को अजय मुंबई के मड आइलैंड पहुंचे। फिल्म में अजय के साथ एक पुरानी एक्ट्रेस को भी कास्ट किया गया है, जो दो बच्चों की मां का किरदार निभाएंगी। फिलहाल उनका नाम सामने नहीं आया है। इसके अलावा, रितेश देशमुख का भी कुछ दिनों का शूट बाकी है। जैसे ही यह काम पूरा होगा, फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी।

## दस लक्षण पर्व पर सांस्कृतिक नाटिका का भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** दस लक्षण पर्व के अवसर पर श्री मुल्तान दिगंबर जैन महिला मंडल, आदर्श नगर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक शानदार नाटिका "गर्भ से मोक्ष तक" प्रस्तुत की गई। यह नाटिका भगवान पार्श्वनाथ की जीवनी पर आधारित थी, जिसमें समाज की 55 महिलाओं ने अपनी ऊर्जा और मेहनत से मंच को जीवंत कर दिया। नाटिका की रचनाकार सेजल ने अपने समर्पण और कला के माध्यम से पूरे आयोजन में नई जान डाल दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर की सांसद मंजू शर्मा रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए महिला मंडल के प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। महिला मंडल आदर्श नगर की अध्यक्ष मधु , मंत्री नम्रता, उपमंत्री मीनू , सांस्कृतिक मंत्री कविता एवं शीतल के संयोजन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज की महिलाओं ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बना दिया, जिसने जैन संस्कृति और भगवान पार्श्वनाथ के जीवन संदेशोंज़ को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और संगठन की शक्ति का भी संदेश देता है।

## तीन दिवसीय रात्रिकालीन शिव मेला 7 को

### धूमधाम के साथ निकली शिव की सवारी ध्वज शोभायात्रा



जयपुर टाइम्स

**नांवसिटी(निस.)।** मारोठ कस्बे में सनातन धर्म कला मंडल मारोठ की ओर से आयोजित होने वाला तीन दिवसीय मेले का शुक्रवार को गणेश पूजन व झंडारोहण के साथ शुरू हुआ, मंडल व मेले के आयोजक पवन कुमार सुनील कुमार धुत ने बताया कि तीन दिवसीय इस रात्रि कालीन मेले में 5 सितंबर को 5 बजे गोपीनाथजी मंदिर से भगवान शंकर की सवारी हाथी पर विराजमान होकर व ध्वज शोभा यात्रा बैंडबाजों के साथ में भजन कीर्तन करती हुई मेला परिसर पहुंची ,वहीं दो दिन भगवान का महाभिषेक किया जाएगा मुख्य मेला 7 सितंबर को रात्रि में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जसवंतगढ़ के कलाकारों द्वारा शानदार झांकियो का प्रदर्शन एवं भगवान की सवारी विभिन्न प्रकार की झांकियो का प्रदर्शन करती हुई बैंडबाजों भजन कीर्तन और घोड़ी के नृत्य के साथ विभिन्न मुख्य मार्गो से गोपीनाथ जी के मंदिर पहुंचेगी।

## स्व. महेश भार्गव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व वृक्षारोपण कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** वरिष्ठ पत्रकार, अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्व. महेश कुमार भार्गव की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मचकुण्ड रोड स्थित मंजरी फाउंडेशन, एक्सप्रेस क्लब एवं चंबल प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य पं. दुर्गादत्त शास्त्री ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज का आधार है। उन्होंने स्व. भार्गव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने रचनात्मक पत्रकारिता को चुना और धौलपुर को जिला बनाने व ब्रॉडगेज लाइन की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भार्गव साहब ने समाजसेवा को जीवन का ध्येय बनाया और अंतिम समय तक जनता की समस्याओं के निराकरण में जुटे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इतिहासकार अरविंद शर्मा ने कहा कि भार्गव धौलपुर इतिहास का गौरवमयी अध्याय थे। वे समाजवादी विचारधारा के कट्टर समर्थक थे और आपातकाल में छह महीने तक जेल में रहकर भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। शर्मा ने सुझाव दिया कि भविष्य में उनके जीवन पर लेक्चर सीरीज आयोजित की जाए ताकि नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। शिक्षाविद् वीरेंद्र त्यागी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भार्गव साहब का व्यक्तित्व समाज को समर्पित और युवाओं के लिए प्रेरक था। कार्यक्रम का संचालन चंबल प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र सिंह रजौरिया ने किया और एक्सप्रेस क्लब अध्यक्ष एडवोकेट अतुल कुमार भार्गव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्व. भार्गव की स्मृति में 11 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व आईपीएस अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा, ट्रस्ट एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्ता, साहित्यकार, पत्रकार और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पानी की समस्या को लेकर चौथे दिन भी धरने पर बैठे रहे ग्रामीण

## मारोठ में अनिश्चितकाली न धरना जारी

### मुस्लिम समाज के सैकड़ों समाज बंधुओ ने धरने को दिया समर्थन

### 12 तक अगर मांगे नहीं मानी गई तो 13 से आमरण अनशन का ऐलान



जयपुर टाइम्स

**नांवासिटी(निस.)।** मारोठ कस्बे में पेयजल समस्या को लेकर धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरना विकराल रूप लेने की ओर अग्रसर हो रहा है शुक्रवार को मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोगों ने धरना स्थल पहुंचकर पानी की समस्या को लेकर अपना समर्थन दिया। । धरने को समाप्त करने को लेकर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जा रही है जलदाय विभाग द्वारा पानी की लाइजनिंग लाइन डी आई लाइन जो गोविंदी पंप हाउस से मारोठ टंकी तक हो रखे अवैध कनेक्शनो को लेकर पेट्रोलिंग की गई निरीक्षण किया गया। गुरुवार को अधिकारियों द्वारा पंप हाउस से आने वाली मेंन लाइन में हो रहे अवैध कनेक्शन को तुरंत प्रभाव से हटाने की और उचित कार्रवाई की बात कही गई ओर गांव में हो रहे लिकेजो को तुरंत प्रभाव से हटाया जा रहा है। मारोठ में जितने भी कुएं हैंड पंप ट्यूबवेल हैं पी एचडी के अंतर्गत आते हैं उनको चेक करवा लिया जाएगा जिसको लेकर विभाग द्वारा पेट्रोलिंग की गई। गांव के लोगों द्वारा प्रशासन से पानी की समस्या को लेकर बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब कोई ठोस समाधान नहीं किया गया तो अब ग्रामीणों ने संघर्ष का उग्र रास्ता चुनने को मजबूर हो रही है। जिसको लेकर गुरुवार को अनिश्चितकालीन धरने में रात्रि को प्रशासन व सरकार को सद्बुद्धि आए उसको लेकर भजन संध्या का आयोजन किया गया और समाजसेवी मनोज गंगवाल द्वारा प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर 12 तारीख तक प्रशासन द्वारा मांगे नहीं मानी गई तो 13 तारीख से आमरण अनशन का ऐलान किया। मुख्य बाजार धरना स्थल गोपीनाथ जी मंदिर के सामने गांव के लोगों द्वारा पानी की समस्या को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की इस गंभीर समस्या को लेकर तय समय सीमा बीत जाने के बावजूद किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इसी उपेक्षा और लापरवाही से मजबूर होकर अब ग्रामवासी आंदोलन का रुख अख्तियार करने को विवश हुए और अब अगर पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**इनका कहना है-**

विभाग द्वारा पंप हाउस से जाने वाली लाइजनिंग डी आई लाइन जो मारोठ जाती है उसकी पेट्रोलिंग करवाई गई है जो भी अवैध कनेक्शन होंगे उनको विच्छेद कर दिए जाएंगे और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक ही हैं जीवन का आधार,उनके बिना अधूरा है संसार निदेशक कमल यादव

### धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस.)।** किड्स गार्डन ए.आई. स्कूल पावटा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का सम्मान कर गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निर्देशक कमल यादव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया और कहा कि शिक्षक ही बच्चों के जीवन की दिशा तय करने वाले सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। और कहा के शिक्षक ही हैं जीवन का आधार,उनके बिना अधूरा है यह संसार ,शिक्षक दिवस पर स्कूल परिसर में हंसी-खुशी का माहौल देखने को मिला, जहां बच्चों ने अपने अंदाज में शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता जताई। वहीं प्राचार्य संदीप ने बताया कि यह आयोजन न केवल शिक्षकों को समर्पित रहा बल्कि बच्चों की प्रतिभा भी मंच पर निखरकर सामने आई। इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत सपना,प्रियंका, सुषमा, मोमिना,वसीम अकरम, कृष्णा, मुकेशी ,अनीता सहित शैक्षनिक व अशैक्षणिक स्टाफ व अनेकों विद्यार्थी मौजूद रहे।

## रामाकृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रघुनाथपुरा रातल्या में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

### महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर/डिग्गी(निस.)** रोड़ स्थित शुक्रवार को रामाकृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रघुनाथपुरा (रातल्या) में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा एवं मुख्य अतिथि डॉ. अल्कापारीक ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। भारतीय संस्कृति में शिक्षक को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में भावी शिक्षकों को रचनात्मकता स्नेह, समतावान बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा विद्यार्थी को वर्तमान समय के अनुसार चलने के साथ आवश्यकता है। कि वह भारतीय संस्कृति के मूल्यों से अपना जुड़ाव बनाये रखें।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को श्रीफल तथा उपहार देकर सम्मानित किया। अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ई-रिक्शा ,ऑटो चालक के लिए परीक्षार्थियों को सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध कराए - जिला परिवहन अधिकारी



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर,(निस.)** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 7 से 12 सितम्बर तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। इस परीक्षा में भरतपुर व अन्य जिलों के परीक्षार्थी भाग लेगें। परीक्षार्थियों को सुगम व सुलभ परिवहन सेवा एवं यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल की अध्यक्षता में शुक्रवार को परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा/ऑटो चालक यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा/ऑटो चालकों को विभिन्न जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों से परीक्षा केन्द्रों तक आने-जाने हेतु निर्धारित किराया से अधिक किराया वसूल नहीं किया जावे तथा क्षमता से अधिक सवारियों का परिवहन नहीं किया जावे। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख स्थान हीरादास बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, सारस चौराहा आदि स्थानों पर ऑटो/ई-रिक्शा की पर्यात संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करें। यातायात निरीक्षक अजय मीणा ने कहा कि कि यातायात नियमों की पालना जावे, साथ ही यह भी ध्यान रखा जावे कि शहर के मार्गों में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जावे। जिससे परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित हो सके। इस दौरान परिवहन निरीक्षक नीतू शर्मा एवं ई-रिक्शा यूनियन से राजेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह एवं ऑटो यूनियन से करतार सिह, बलवीर सिंह, गुलजीत सिंह सहित अन्य ऑटो यूनियन सदस्य मौजूद रहे।

## गणेश विसर्जन यात्रा आज

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.)** श्री राम सेवक ट्रस्ट समिति भरतपुर द्वारा आज शाम 4.30 बजे गणपती जी विसर्जन यात्रा का आयोजन बिजली घर स्थित रिलायंस मॉल भरतपुर से शुरुआत होकर मथुरा गेट, चौबुर्जा, गंगा मंदिर, जामा मस्जिद, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली, कुम्हेर गेट होते हुई तिलक नगर स्थित ब्रह्मचारी कुंड में विधि विधान से गणपती बप्पा का विसर्जन किया जायेगा गणपती जी यात्रा की शुरुआत यात्रा को हरी झंडी दिखाकर भरतपुर एडिशनल एस पी सतीश यादव विधि विधान से पूजा अर्चना कर रवाना करेंगे। इस मौके पर सभी संस्था सदस्य उपस्थित रहेंगे और पूरी यात्रा के दौरान सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करेंगे।

## राजनीति में हार जीत होती है,फिर भी छत्तीस कॉम की जनता के लिए हमेशा तत्पर हैं प्रत्याशी मेवाड़ा

### टैक्सी यूनियन एवं कांग्रेस के नेताओं ने मेवाड़ा का शानदार स्वागत किया



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)** । राजनीति में हार जीत होती रहती हैं,फिर भी 36 कॉम की जनता के लिए कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा सदैव हमेशा तत्पर हैं। उनका मानना है की आज नहीं तो कल एक दिन जरूर कामयाबी मिलेगी,अगर ऐसी भावना रखता है वह व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ता है। इसी तर्ज पर छोटे-मोटे कार्यक्रमों में आमजन के बीच में शामिल होते रहते हैं वे एक आयोजन को मिस नहीं करते हैं,और जनता द्वारा उनको अपार सम्मान मिलता है। आज सत्ता में नहीं है फिर भी जनता के बीच में पहुंचकर उनका दुख दर्द सुनकर समाधान में भागीदार बनते हैं,और उनकी हर संभव मदद भी करते हैं। विधानसभा चुनाव में भले ही उनकी हार हुई हो, परंतु आम जनता के दिल में विधायक के रूप में बचे हुए हैं। जनता के दिल में परिवर्तन की साहस जगी है,और एक दिन जनता का सपना जरूर साकार होगा। इसके अलावा सुमेरपुर में 36 कॉम द्वारा आयोजित रेवाड़ी शोभायात्रा में टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पूरन सिंह देवड़ा एवं महामंत्री,कांग्रेस पूर्व पार्षद महबूब कायमखानी और टैक्सी यूनियन की पूरी टीम की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा का माला साफा पहनाकर गर्म जोशी से शानदार स्वागत किया। सुमेरपुर कस्बे का सबसे बड़ा देव झुलनी एकादशी का कार्यक्रम आयोजित होता है उसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, फिर भी पूर्व प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा गर्मी के बीच आम जनता के साथ शोभा यात्रा में चलते दिखाई दे रहे हैं, उच्च दौरान मौजूद 36 कॉम के युवाओं ने मेवाड़ा को गोद में उठाकर जनता का अभिवादन किया, मतलब हर जाति धर्म वर्ग के लोगों के साथ खड़े रहना यह उनकी शुरू से धारणा है। वे कार्यकर्ताओं के साथ बीजेपी कांग्रेस का भेदभाव नहीं करते हैं,इसलिए हर जाति युवाओं का उनके प्रति स्नेह है ।

## रिपोर्टर सगीर अहमद मकराना जिला डीडवाना कुचामन

### पैगंबरे इस्लाम के पैदाइश के दिन की खुशी



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस.)** को सुन्नी जामा मस्जिद नौजवान कमेटी (मकराना) के नेतृत्व और शमसुद्दीन कादरी स. इमाम जामा मस्जिद की सरपस्ति में और मौलाना इरशाद कादरी व विधायक जाकिर हुसैन गैसावत व राजू जी सिसोदिया की मौजूदगी मैं 12 रबीउल अव्वल को जुलूसे मोहम्मदी सुबह 9.00 बजे सुन्नी जामा मस्जिद मकराना कर्बला चौक से निकला और बड़े ही पुर सुकून और इत्मीनान व दुरूद ए पाक की कसरत के साथ बिना किसी शोर शराबे और डीजे बाजे के 11.00 बजे लगन शाह बाबा (मकराना) की दरगाह पर पहुंचा और वहां से पूरे देश प्रदेश के लोगों के लिए अमनो चैन की दुआ की गई और खास तौर पर जो बाढ़ पीड़ित इलाके हैं उनके लिए भी खुसुसी दुआ की गई जुलूसे मोहम्मदी में शिरकत करने वाले शहर के मस्जिदो के इमाम , मौलाना मुख्तार स. मौलाना शाहरुख स. मौलाना असगर स. मौलाना रमजान स. हाफिज आसिफ स. मौलाना हमीद सा और शहर के कसिर तादाद में ओलमा ऐ किराम और कहीं जाने-माने लोगों ने शिरकत की।

## जिले में अतिवृष्टि से निपटने में जिला प्रशासन फेल - सूपा

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस.)** जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से आम लोगों का जनजीवन ठप्प हो जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से तुरंत पानी निकासी के उचित प्रावधान एवं राहत कार्य शुरू करवाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि विगत कई दिनों से भरतपुर मुख्यालय सहित समस्त तहसील स्तरों पर भी अतिवृष्टि होने की वजह से तथा आसपास के बांधों से पानी आने की वजह से किसानो की लगातार दो फसले खराब हो चुकी हैं, आवागमन के रास्ते अवरुध हो चुके हैं। कई जगह लोगों के रहने के मकान भी गिर चुके हैं, पशुधन की भी हानि हो रही है। यह अत्यंत चिंतनीय है। भरतपुर मुख्यालय पर विशेषकर सर्कुलर रोड के बाहर बसी हुई सारी कॉलोनिया जलमग्न है, लोगों के घरों में पानी घुस रहा है, कीड़े मकोड़ों का आतंक बढ़ रहा है। भारी बारिश की वजह से जिले की सड़के भी बदहाल हो चुकी हैं, गांव से शहर के रास्ते भी अवरूद्ध हो चुके हैं। जिले की लगभग अर्थव्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। इस समय जिले में बिजली एवं खाद की भी किल्लत बनी हुई है, जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिलाध्यक्ष सूपा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भी उक्त मामले में चिंता व्यक्त करते हुए एक मत से कहा कि भरतपुर में सौंदर्यीकरण के नाम पर जिला प्रशासन द्वारा फ्लाईओवर एवं एलिवेटेड रोड बनाए जाने के नाम पर लोगों को बेघर एवं बेरोजगार करने से पहले भरतपुर शहर की सबसे बड़ी एवं पुरानी तथा स्थाई समस्या पानी के निकास की है,जिस ओर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने कहा कि अगर जिले से पानी निकास ड्रेनेज प्रॉब्लम का स्थाई समाधान हो जाता है तो सौंदर्यीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा। जिले के समस्त कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर से उक्त समस्या पर तुरंत ध्यान देने की मांग की है। मांग करने वालों में साहब सिंह चौधरी, चुन्नी कप्तान, राजीव कुम्हेर, जगदीश बंजी, श्रीभगवान कटारा, रामेश्वर सैनी, मनोज शर्मा, योगेश सिंघल, रमेश धावई, राकेश पठानिया,विष्णु गुप्ता,भरत गादोली,बबीता शर्मा,ष्ट्र अतुल मित्तल,रेनू गौरावर, मनोज पटेल, हरिमोहन शर्मा, रमेश पाठक,ज्ञानेश शर्मा, निरंजन जघीना, हरस्वरूप सरपंच, दयाचंद पचौरी, मुकेश जाटव,अशोक तांबी, दिगंबर खटाना, शहीद खान, अवधेश शर्मा, लोकपाल सिंह,केके उपाध्याय, बृजभूषण जाटव, सुगड खैरा, भवानी खोह सहित काफी लोग शामिल थे।

## उपखण्ड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील कार्यालय पर शुक्रवार उपखण्ड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। वहीं बताया की कोटखावदा क्षेत्र में भारी बारिश के बाद लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भारी बारिश से कई घरों व ढाणियों में पानी भर जाने के कारण आने जाने के लिए रास्ते भी अवरूद्ध हो गए। ऐसे में तहसील कार्यालय में हुई बैठक में क्षेत्र में हो रहे जलभराव की स्थिति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई हेतु दिए गए। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र मैंने हुए जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर पहुँचकर समस्याओं को देखा और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। वही प्रशासन को निर्देशित किया है कि जल निकासी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बारिश से हुई अतिवृष्टि से अवगत भी कराया गया।

## धौलपुर दौरे पर आएंगे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** गृह राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम शुक्रवार को धौलपुर के दौरे पर रहेंगे। उनके साथ प्रभारी सचिव पी. रमेश भी जिले में आएंगे। दोनों ही अधिकारी जिले में हाल ही में हुई अत्यधिक बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर यह दौरा किया जा रहा है ताकि अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जा सके। प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा आवश्यक निर्देश भी देंगे। इस दौरे से उम्मीद है कि प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान और जरूरतमंदों को समय पर सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

## धौलपुर जिले में भारतीय किसान यूनियन की नई नियुक्तियाँ

### फौरन सिंह बने जिलाध्यक्ष, सोनू ठाकुर को मिला युवा मोर्चा का नेतृत्व।



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा धौलपुर(निसं.)।** किसानों के बड़े संगठन भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने धौलपुर जिले में अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय कार्यालय से संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार फौरन सिंह को धौलपुर जिला अध्यक्ष और सोनू ठाकुर को भारतीय किसान यूनियन युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के बाद जिलेभर में किसानों और युवाओं में उत्साह का माहौल है।विभिन्न जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। निर्दलीय वार्ड पार्षद राजेश तोमर ने बधाई देते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पद पर फौरन सिंह तथा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर सोनू ठाकुर की नियुक्ति न केवल उनके संघर्ष,निष्ठा और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है,बल्कि किसानों और युवाओं की उम्मीदों का प्रतीक भी है। मुझे विश्वास है कि दोनों पदाधिकारी किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।नियुक्ति मिलने पर फौरन सिंह और सोनू ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और जिले के किसानों एवं युवाओं की आवाज को बुलंद करने के साथ ही उनके हितों में कार्य करेंगे।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी दीनदयाल सिंह, हरिबाबू वर्मा, हरेंद्र शर्मा,सुरेश निषाद, रामप्रकाश ठाकुर सहित किसान यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा-2024 के तहत 7 सितंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु जयपुर जिला मुख्यालय के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत 7 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 3 से सायं 5.30 बजे तक आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु जयपुर जिला मुख्यालय स्थित एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि रोल नंबर सीरीज 1959591 से 1959998 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र परिवर्तित करते हुए (16-0847), श्री बालाजी शिक्षा मंदिर सीनियर सेकंडरी स्कूल, पीली की तलाई, आमेर, जयपुर पिन कोड- 302028 किया गया है। पूर्व में इन अभ्यर्थियों को (16-0842) सन्फलोवर एकेडमी, नांगल मोड़, कुंडा, आमेर, जयपुर पिन कोड- 302028 परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था। अतः संबंधित परीक्षार्थी नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें।



### 60 साल बाद उठी समदरियो हिलोरन की अनोखी परंपरा

# ढोल ढमाकों एवं जयकारे के साथ भारुंदा में हुआ तालाब पूजन" हजारों की संख्या मे उमड़ा आस्था का हुजूम

**भाई-बहनों ने तालाब पूजन कर खुशहाली की मांगी दुआ उमड़ा 36 कॉम का जनसैलाब**

**ढोल ढमाकों के साथ 1500 महिलाओं ने एक साथ किया तालाब पूजन**

**पूरे दिन गांव में मेले जैसा रहा माहौल,ग्रामीणों ने ऐतिहासिक समारोह की मिशाल पेश की**



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** समीपवर्ती भारुंदा गांव में लगभग 60 साल बाद शुक्रवार को धूमधाम ढोल ढमाकों के साथ तालाब पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। गांव में यह अनोखा आयोजन हुआ, जिसमें गांव की करीब 1500 महिलाएं शामिल हुईं जहां शुभ मुहूर्त पर तालाब पूजन की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम गांव के प्रमुख नागरिक ठाकुर योजन सिंह व उनकी धर्म पत्नी ने विधि विधान से तालाब पूजन की शुरुआत की। उसके बाद सभी ने अपने अपने घाट पर पहुंच कर ग्रामीणों ने तालाब पूजन शुरू किया। इस दौरान भाई-बहनों ने मिलकर तालाब की पूजा-अर्चना की, उसके बाद मटका पूजन किया। भाइयों ने बहनों को चुनरी ओढ़ाकर हमेशा रक्षा का वचन दिया,वहीं बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। पूरे गांव में उत्सव, और मेले जैसा माहौल नजर आया। ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में बेहद आकर्षक लग रहे थे। प्रारंभिक पूजा और शुभ मुहूर्त के बाद सभी भाई-बहन ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में गांव के मुख्य तालाब पर पहुंचे। यहां सभी ने तालाब में उतरकर पूजा की और एक-दूसरे को तालाब का जल पिलाया। इसके बाद उपहार और कपड़ों का आदान-प्रदान भी हुआ। आयोजन को लेकर आसपास के गांवों और प्रवासी ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे पूरा माहौल मेले जैसा बन गया। उपखंड व पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा जिससे शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम को संपन्न कराया। ग्रामीणों के सहयोग से ऐतिहासिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में 36 कॉम के लोगों ने भाग लिया।

### उत्साह इतना की रातभर कोई सोया नहीं

तालाब पूजन के लिए सुबह करीब साढ़े छह बजे का समय निर्धारित था। उत्साह का आलम यह था कि रातभर गांव में कोई सोया नहीं। पूरी रात अलग-अलग जगहों पर भजन-कीर्तन होता रहा। गांव के लगभग प्रत्येक परिवार में पूजन करने वाली महिलाओं ने अपने भाइयों सहित रिश्तेदारों को आमंत्रित किया था। इस पूजन में काफी उत्साह देखने को मिला।

### ढोल-ढमाकों के साथ तालाब पर पहुंचे ग्रामीण

क्षेत्र में पूरी रात बादल छाए रहे । गांव में ग्रामीणों ने ढोल ढमाकों के साथ तालाब पूजन किया। ढोल नगाड़ों के साथ 36 कॉम की 1500 महिलाएं समय पर तालाब पर पहुंची जहां विधि विधान के साथ मटका पूजन किया गया।

### शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न

गांव में शांतिपूर्ण तरीके से तालाब पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 36 कॉम के लोगों ने सहयोग प्रदान किया। तालाब पूजन में समस्त ग्राम वासियों ने परंपराओं का निर्वाहन करते हुए ऐतिहासिक कार्यक्रम की मिशाल पेश की। वही पुलिस प्रशासन के साथ उपखंड प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दिया जहां हर जगह पर पुलिस जवान तैनात थे। साथ ही ग्राम पंचायत प्रशासन ने भी सराहनीय व्यवस्थाओं का इंतजाम किया गया। सफल आयोजन पर ग्रामवासियों ने उपखण्ड एवं पुलिस प्रशासन के साथ ग्राम पंचायत का आभार जताया। इधर कार्यक्रम की यादगार तस्वीरों को विजय स्टूडियो ने कैमरे में कैद किया। कार्यक्रम बहुत शानदार था,और तालाब पर मखौल व्यवस्था की गई थी। लेकिन सड़क खराब एवं सांकरा होने से ट्रैफिक व्यवस्था ने जाम का रूप ले लिया जहां लंबे समय तक जाम में फंसे रहे लोग। एक तरफ कीचड़ तो दूसरी और खराब मार्ग से आवागमन प्रभावित हुआ। घंटों तक जाम लगा रहा लोग जाम में फंसे रहे। पुलिस ने खूब मोर्चा संभाला लेकिन लोग नहीं माने। अपनी मनमानी से वाहनों को भीड़ में डालते रहे जिससे धीरे धीरे कर जाम की स्थिति बन गई। जाम लगने से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

### *समदरियो हिलोरा'आयोजन में उमड़ा आस्था का जनशैलाब*

*इस आयोजन को 'समदरियो हिलोरा' या 'समुद्र हिलोरा' कहा जाता है। यह राजस्थान का एक पारंपरिक उत्सव है, जिसे हर वर्ष मनाया जाता है। इसमें भाई-बहन तालाब में मटका डालकर हिलोरा (हिलाना) देते हैं। यह परंपरा भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है,साथ ही जल स्रोतों के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश भी देती है। उत्सव के दौरान भाई-बहन मिलकर तालाब या नदी की पूजा करते हैं और घुघरी-मातर का भोग भी लगाते हैं। इसके बाद भाई मटके से भरा पानी अपनी बहन को पिलाता है। इस अवसर पर पारंपरिक राजस्थानी गीत गाए जाते हैं। भाई बहन को चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद देती हैं। यह उत्सव न सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करता है, बल्कि समाज में जल संरक्षण और परंपरागत संस्कृति के महत्व को भी बढ़ावा देता है।*

### 1500 महिलाओं ने किया पूजन

भारुंदा गांव में शुक्रवार को लोक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केन्द्र नजर आया। मौका था गांव में लगभग 60 साल बाद तालाब पूजन किया,जिसे स्थानीय बोलचाल की भाषा में समंदर हिलोरना कहते है। सभी समाजों के लोग परम्परागत परिधानों में सजे-धजे नजर आ रहे थे। महिलाओं व युवतियों के चेहरों पर असीम उत्साह दिखाई दे रहा था। हर कोई तालाब पर पहुंचने को लेकर उतावला नजर आ रहा था। लोगों ने बताया कि करीब 60 साल पहले गांव में समंदर हिलोरने का कार्यक्रम हुआ था। उसके बाद यह अब हो रहा है। इसे लेकर 36 कौम के लोगों में असीम उत्साह दिखाई दिया।

# गोवंशों को मालिको द्वारा सडक पर छोडने पर नियमानुसार होगी कार्यवाही

## उपखंड अधिकारी रानी ने आम सूचना जारी कर की अपील

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निसं.)।** उपखंड अधिकारी रानी शिवा जोशी ने आम सूचना जारी कर आमजन से अपील कि है कि वे यदि उपखण्ड क्षेत्र रानी में ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र रानी खुर्द में सड़को पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश यथा गाय व बैल आदि जिनकों सम्बन्धित गोवंश के मालिकों द्वारा अपने घर या बाडे से बाहर घुमने फिरने के लिए बाहर छोड़ दिया जाता है, उन पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही होगी । उन्होंने बताया कि निराश्रित समस्त गोवंश को विशेष अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा एवं शहरी क्षेत्र रानीखुर्द में नगरपालिका की टीम द्वारा सावधानीपूर्वक पकड़कर नजदीकी गौशालाओं में छुड़वा दिया जायेगा। निराश्रित गोवंश को गौशालाओं से मालिक द्वारा छुड़वाने पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत / गौशाला एवं शहरी क्षेत्र रानी खुर्द में नगरपालिका/ गौशाला द्वारा पशु मालिक को पाबन्द करते हुए गौशाला में रखे गये निराश्रित गोवंश को छोड़ने पर सम्बन्धित गोवंश मालिक से नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जावेगा। गोवंश मालिक द्वारा उक्त कृत्य बार-बार किये जाने पर राज्य सरकार के नियमानुसार संबंधित गोवंश के मालिक के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने का भी प्रावधान है। उपखण्ड प्रशासन रानी की ओर से सभी आमजन से अपील की है कि अपने-अपने गोवंश को अपने घर या बाड़े में ही बांध कर रखे और गोवंश को अनावश्यक रूप से सड़क पर घुमने के लिए नही छोड़ा जायें। इससे सड़क पर राहगीर और वाहनों के आवागमन में दुर्घटना/हादसा होने का भी सदैव खतरा बना रहता है। अगर गोवंश मालिक के द्वारा बार-बार गोवंश को सड़क पर खुला छोड़ा जाता है तो नियमानुसार की जाने वाली जुर्माना कार्यवाही / कानूनी कार्यवाही के लिए समस्त जिम्मेदारी संबंधित गोवंश मालिक की रहेगी। गोवंशों को उनके मालिको द्वारा सडक पर छोडने पर नियमानुसार होगी कार्यवाही उपखंड अधिकारी रानी आम सूचना जारी कर की अपील पाली/उपखंड अधिकारी रानी शिवा जोशी ने आम सूचना जारी कर आमजन से अपील कि है कि वे यदि उपखण्ड क्षेत्र रानी में ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र रानी खुर्द में सड़को पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश यथा गाय व बैल आदि जिनकों सम्बन्धित गोवंश के मालिकों द्वारा अपने घर या बाडे से बाहर घुमने फिरने के लिए बाहर छोड़ दिया जाता है, उन पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही होगी । उन्होंने बताया कि निराश्रित समस्त गोवंश को विशेष अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा एवं शहरी क्षेत्र रानीखुर्द में नगरपालिका की टीम द्वारा सावधानीपूर्वक पकड़कर नजदीकी गौशालाओं में छुड़वा दिया जायेगा। निराश्रित गोवंश को गौशालाओं से मालिक द्वारा छुड़वाने पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत / गौशाला एवं शहरी क्षेत्र रानी खुर्द में नगरपालिका/ गौशाला द्वारा पशु मालिक को पाबन्द करते हुए गौशाला में रखे गये निराश्रित गोवंश को छोड़ने पर सम्बन्धित गोवंश मालिक से नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जावेगा। गोवंश मालिक द्वारा उक्त कृत्य बार-बार किये जाने पर राज्य सरकार के नियमानुसार संबंधित गोवंश के मालिक के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने का भी प्रावधान है। उपखण्ड प्रशासन रानी की ओर से सभी आमजन से अपील की है कि अपने-अपने गोवंश को अपने घर या बाड़े में ही बांध कर रखे और गोवंश को अनावश्यक रूप से सड़क पर घुमने के लिए नही छोड़ा जायें। इससे सड़क पर राहगीर और वाहनों के आवागमन में दुर्घटना/हादसा होने का भी सदैव खतरा बना रहता है।अगर गोवंश मालिक के द्वारा बार-बार गोवंश को सड़क पर खुला छोड़ा जाता है तो नियमानुसार की जाने वाली जुर्माना कार्यवाही / कानूनी कार्यवाही के लिए समस्त जिम्मेदारी संबंधित गोवंश मालिक की रहेगी।

# अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देते हुए आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सभी थानों की पुलिस टीमों ने कल देर शाम पैदल गशत कर लिया सुरक्षा का जायजा।**



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में कल देर शाम जिले के सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने इलाके के बाजारों व अन्य भीड़भाड़ के इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाते हुए अपराधियों व असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया। पैदल गश्त के दौरान सभी जगहों पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ली गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि जिले भर में पैदल गश्त के दौरान मुख्य बाजारों व अन्य भीड़भाड़ के इलाकों में दुकानदारों व आम लोगों से सीधा संवाद किया। गश्त का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूती देना व अपराधियों पर निगरानी बनाए रखना रहा। पुलिसकर्मियों की टीम ने पैदल गश्त की। लोगों को विश्वास दिलाया गया कि पुलिस सहायता व सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। फुट पेट्रोलिंग एक पुरानी लेकिन प्रभावशाली पुलिसिंग तकनीक है, जिससे अपराध रोका जा सकता है व समाज के साथ संवाद सशक्त होता है। गश्त के दौरान पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में भय का संचार होता है। बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त से नागरिकों को यह अनुभव होता है कि पुलिस उनके साथ है। पैदल चलते समय पुलिसकर्मी नागरिकों से बातचीत करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और सुझावों को गंभीरता से लेते हैं।


### जवाई बांध में पानी की आवक जारी

# अब मात्र 3 फीट खाली, जल्द खुले सकते फाटक

**प्रशासन की आमजन को चेतावनी किसी भी समय खोले जा सकते फाटक**

**प्रशासन अलर्ट"बांध के फाटक खोलने की सरगर्मी तेज**

**फाटक खोलने की तैयारियां शुरू, प्रशासन एवं मंत्री की उपस्थिति में खोले जा सकते फाटक**



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)** पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा जलस्रोत एवं जीवन रेखा कहलाने वाला जवाई बांध में तेजी से पानी की आवक जारी है। अब बांध अपनी भराव क्षमता के करीब पहुंच गया है। शुक्रवार शाम तक जवाई का गेज 58.85 फीट दर्ज किया गया,जबकि बांध की कुल भराव क्षमता 61.25 फीट है। इस प्रकार बांध अब केवल 3 फीट खाली रह गया है, इससे बांध के फाटक खोलने की उम्मीद जताई जा रही। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता राज भंवरात ने बताया कि बांध में इस समय 6701.60 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है। सहायक सेई बांध से लगातार पानी की आवक जारी है और इंद्रदेव की मेहरबानी से वर्षा का दौर जारी है। इसके चलते जवाई बांध में तेज गति से पानी की आवक बढ़ रही है।

### बरसात से ओवरफ्लो बांध

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमेरपुर डिवीजन में कुल 13 बांध हैं, जिनमें से पांच बांध पहले ही ओवरफ्लो हो चुके हैं। अब जोधपुर संभाग का सबसे बड़ा बांध जवाई भी छलकने की कगार पर है। बांध में हो रही अच्छी आवक से किसानों और जिलेवासियों में खुशी की लहर है। वहीं,जवाई बांध के फाटक जल्द खोलने को लेकर आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विधानसभा में भी मामला उठाया है।

### फाटक खोलने की संभावना

जवाई बांध क्षेत्र में लगातार सर्वाधिक बरसात होने से जवाई बांध फाटक खोलने की करीब पहुंच गया है मात्र 3 फुट दूरी पर है। इधर सहायक सेई बांध की सुरंग से जवाई बांध में पानी तेजी से आ रहा है। जवाई बांध में पानी की आवक को देखते हुए सुमेरपुर प्रशासन ने पहले से समीक्षा बैठक आयोजित कर तैयारियां पूरी कर अलर्ट मोड पर हैं। उच्च अधिकारियों के जैसे ही आदेश मिलते ही किसी भी समय कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में फाटक खोलने की संभावना जताई जा रही है।

### प्रशासन की आमजन से चेतावनी

जवाई बांध का अधिकतम गेज 61.25 फीट तथा तथा भराव क्षमता 7327.50 मिलियन घन फिट को लेकर सोमवार को सायं 5.00 बजे बांध का गेज 58.85 फीट दर्ज किया गया है। जिसमें बांध की भराव क्षमता 6701.60 फीट है। सहायक अभियंता राज भवराय ने बताया की बांध के केचमेंट क्षेत्र में पानी की आवक एवं आगामी दिनों में मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए बांध के गेट किसी भी समय खोले जा सकते हैं। इसको लेकर विभाग के अधिकारियों ने आमजन को सूचित करते हुए कहा कि जवाई बांध के गेट कभी भी को खोले जाने से बांध के नीचे जवाई बांध के बहाव क्षेत्र/आसपास किसी भी प्रकार की गतिविधि नहीं करने की आमजन से अपील की गई है। जिस किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हो।

## प्रदेश भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी को आया हार्ट अटैक, भजनलाल शर्मा पहुंचे अस्पताल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी को शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ गया जिसकी वजह से उन्हें ईएसएचसीसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है जहां पर उनकी हालत स्थिर बताई गई है सूचना मिलने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और सांसद डॉक्टर सीपी जोशी राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा और कई अन्य भाजपा नेता अस्पताल पहुंचे जिस समय श्रवण सिंह बागड़ी को दिल का दौरा पड़ा उस समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकारी कार्यक्रम में व्यस्त थे लेकिन जैसे ही उन्हें सूचना मिली उन्होंने तुरंत कार्यक्रम को छोड़ा और अस्पताल पहुंचे श्रवण सिंह बागड़ी भाजपा के काफी कर्मठ सक्रिय युवा नेता माने जाते हैं वर्तमान में प्रदेश भाजपा के महामंत्री हैं और जब डॉक्टर सीपी जोशी भाजपा के अध्यक्ष थे उस समय प्रदेश भाजपा में संगठन महामंत्री पदपर तैनात रहे श्रवण सिंह बागड़ी को जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से टिकट देने की चर्चा भी थी लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं मिला और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका रही है श्रवण सिंह बागड़ी सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ के बगड़ी गांव के रहने वाले हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में संगठन में भी कई बड़े पदों पर रहे हैं संगठन का उन्हें अच्छा अनुभव है और काफी जोशीले और एग्रेसिव नेता माने जाते हैं ।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन, जयपुर देहात दक्षिण की नवगठित कार्यकारिणी ने पेश किया विजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने शुक्रवार को अपनी नवगठित जिला कार्यकारिणी के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुर्जर ने साफा पहनाकर, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। साथ ही कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का परिचय करवाते हुए उन्हें इनोवेटिव, पॉजिटिव, सब्जेक्टिव, कोलब्रेटिव और विजनरी टीम बताया। सभी पदाधिकारियों का प्रदेशाध्यक्ष से दुपट्टे पहनाकर स्वागत भी कराया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर जैसे ऊर्जावान और जमीनी नेता संगठन को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि जयपुर देहात दक्षिण की टीम में युवा, किसान, महिला और व्यापारी सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व है, जो अनुभव और युवाशक्ति का बेहतरीन संगम है। राठौड़ ने विश्वास जताया कि यह टीम संगठन और सेवा के क्षेत्र में प्रदेश में नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयाँ दी हैं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई दिशा प्राप्त कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ के मार्गदर्शन में जयपुर देहात दक्षिण की कार्यकारिणी पार्टी व सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। गौरतलब है कि राजेश गुर्जर अपनी जमीनी पकड़ और जनसेवा के लिए कार्यकर्ताओं व जनता के बीच विशेष पहचान रखते हैं।

## शिक्षक दिवस पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का भव्य समारोह




जयपुर टाइम्स

**अजमेर(निसं.)।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस 2025 पर एक विशेष समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें राजस्थान विधानसभा के माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु गुरु-शिष्य परंपरा, शोध उत्कृष्टता और राष्ट्रनिर्माण में शिक्षा की भूमिका रही। अपने संबोधन में देवनानी ने कहा कि "हम केवल 60 मिनट के शिक्षक नहीं, बल्कि आजीवन शिक्षक हैं।" उन्होंने शिक्षा और अनुसंधान को गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया और विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय संस्थान बनने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने बताया कि विश्वविद्यालय ने शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार की परंपरा स्थापित की है, जो शिक्षकों को नवाचार और अनुसंधान में योगदान हेतु प्रेरित करता है। इस बार उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. सुनील कुमार (केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय), डॉ. दीपक स्वामी (आईआईटी जोधपुर) और डॉ. आलोक सागर गौतम (गढ़वाल विश्वविद्यालय) को यह सम्मान दिया गया। विजेताओं को शॉल, अभिनंदन पत्र, स्मृति चिह्न, गीता, गणेश प्रतिमा और 50,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। समारोह में कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों– NAAC A++ मान्यता, श्रेणी का दर्जा और NIRF रैंकिंग में 89वां स्थान– का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर छह एआई एकीकृत स्मार्ट सेमिनार कक्षों का उद्घाटन और अनुसंधान पर आधारित तीन शॉर्ट फिल्मों का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

# अतिवृष्टि प्रभावित फसलों का जल्द करें आंकलन : कुमावत

**विभागीय अधिकारियों की ली बैठक, आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

### मंत्री जोराराम ने किया विधानसभा क्षेत्र का दौरा प्रभावितों की हरसंभंव सहायता के लिए कलेक्टर को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में बारिश से हुए व्यापक नुकसान का आकलन करने के लिए दौरा किया। उन्होंने इलाके में वर्षा प्रभावित ग्राम पंचायत बिरामी में बिरामी की ढाणी, बड़ली, नौखरा बेरा इत्यादि गांवों का जायजा लिया और लोगों से मुलाकात की। मंत्री ने ग्रामीणों से राशन वितरण और मेडिकल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दौरे के बाद मंत्री कुमावत ने बताया कि अतिवृष्टि से जलभराव के कारण स्कूलों व अनेक सरकारी भवन,चारदिवारी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके अलावा सड़कों पर पानी भरने से उनमें गढढे बन चुके हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची बस्तियों में जलभराव के कारण वहां वर्षा जनित बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ गई है। वहीं, बांधों में जलस्तर लगातार बढ रहा है, ऐसे में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को उनकी निगरानी के निर्देश दिए हैं। फसलों में पानी की निकासी नहीं होने से उनमें पीलापन दिखाई देने लगा है, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। ऐसे में





फसल खराबे का सर्वे कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने के लिए तहसीलदार व पटवारियों को आदेश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का आंकलन कर उनके पेचवर्क करने के आदेश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। वहीं, गांवों में ओवरफ्लो हो चुके तालाबों की निगरानी के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को हिदायत दी गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस दौरान मंत्री कुमावत ने पाली जिला कलेक्टर से दूरभाष पर वार्ता कर तहसीलदार को स्पेशल गिरदावरी करवाकर आंकलन रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक शिवराज सिंह, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह गलथनी, पशुपालन प्रकोष्ठ के जोराराम देवासी, महिपाल सिंह कर्णोत, शांतिलाल, सूजाराम चौधरी, छगन सिंह पुरोहित, पटवारी हितेश चौधरी, सज्जन सिंह, ग्राम सेवक भगवत सिंह राठौड़, मीठालाल,पीएचईडी के एईएन खेमराज बैरवा मौजूद रहे।

### विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

*केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने नगरपालिका सभागार सुमेरपुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने वर्षा से हुए नुकसान की स्थिति को लेकर चर्चा की। मंत्री ने क्षतिग्रस्त भवनों, सड़कों इत्यादि की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जलभराव वाले स्थानों से पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के आदेश दिए। इस दौरान तहसीलदार दिनेश आचार्य ने प्रशासन द्वारा राहत के उपायों तथा प्रभावित लोगों के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुई क्षति के आकलन के लिये पटवारियों के द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। आपदा राहत टीम अलर्ट मोड पर तैनात है। आश्रय स्थलों में लोगों के लिये भोजन, पेयजल, कपड़े, बिस्तर, इत्यादि की भी पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। प्रशासन की प्राथमिकता सर्वप्रथम लोगों को प्राथमिक राहत पहुंचाना है। तत्पश्चात उनके क्षति के आंकलन कर शीघ्र-अतिशीघ्र मुआवजा देने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शिवराज सिंह, बीडीओ प्रमोद दवे सहित पीडब्लयूडी,पीएचईडी, चिकित्सा विभाग, विद्युत निगम सहित कई विभागों के अधिकारी, तख्तगढ, कोसेलाव सहित अनेक ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।*

## जोराराम कुमावत ने दिखाई हरी झंडी, रामेश्वरम के लिए रवाना हुई वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा विशेष रेलगाड़ी

जयपुर टाइम्स



**जोधपुर(निस.)** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को जोधपुर से रामेश्वरम-मदुरई के लिए राजस्थान वाहिनी भारत गौरव एसी ट्रेन को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष यात्रा में जोधपुर से 300, पाली से 200 और जवाई बांध से 126 श्रद्धालु शामिल हुए। कुल 626 वरिष्ठजन इस 7 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर निकले हैं। मंत्री कुमावत ने तीर्थयात्रियों से भेंट कर उन्हें देवस्थान विभाग की ओर से यात्रा किट प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह योजना आस्था और संस्कृति से जोड़ने का एक अनोखा प्रयास है। यात्रा के दौरान यात्रियों को किराया, ठहराव, भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण और चिकित्सकीय सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। चिकित्सकों की टीम, अटेंडेंट और विभागीय अधिकारी यात्रियों की देखभाल के लिए साथ रहेंगे। उन्होंने बताया कि पहले यह यात्रा साधारण डिब्बों में होती थी, लेकिन अब वातानुकूलित ट्रेन से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योजना का दायरा बढ़ाते हुए लाभार्थियों की संख्या 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दी है। साथ ही 6 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा से भी तीर्थ कराने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन के डिब्बों को राजस्थान की लोक संस्कृति और धार्मिक झलकियों से सजाया गया है। एक विशेष डिब्बे में राम दरबार की स्थापना भी की गई है, जहाँ श्रद्धालु पूजा-पाठ कर सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 'श्रवण पुत्र' की उपमा देते हुए आभार व्यक्त किया और सरकार की इस पहल को जीवन का सौभाग्य बताया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मीनारायण सोलंकी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और देवस्थान विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोटखावदा क्षेत्र में अतिवृष्टि के दौरान संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसीएस ने किया निरीक्षण



### उच्च अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र सहित कोटखावदा इलाके में दो दिन पहले भारी बारिश के चलते हालात बिगड़ गए है । वहीं भारी बारिश से कोटखावदा, देहलाला, झापंदा, रामनगर, छांदेल ढूंढ नदी, गरुड़वासी ढुंढ नदी क्षेत्र सहित कई गांवों और ढाणियों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही कई सड़कें व नदी नाले भी टूट गए। वहीं इन इलाकों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और शहर से गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। पानी में डूबने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान की जानकारी सामने आई है वहीं शुक्रवार को कोटखावदा क्षेत्र में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र दौरे के दौरान एसीएस आनंद कुमार, संभागीय आयुक्त पूनम और कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने झापंदा कलां, मोरेल नदी, कोटखावदा कस्बा और छांदेल बड़ोदिया ढूंढ नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को टूटी हुई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर मार्ग बहाल करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, सहायक पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र सिंह, कोटखावदा तहसीलदार रुबी सेहरा और विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति सहित सभी विभागीय अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। वहीं अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और मौके पर ही संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करें।

# अजमेर संसदीय क्षेत्र को मिली शिक्षा की नई सौगात

जयपुर टाइम्स

**अजमेर/किशनगढ़(निसं.)** अजमेर संसदीय क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अनुशंसा पर शिक्षा विभाग ने जिले के चार विद्यालयों के लिए नई स्वीकृतियाँ प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संकल्पना "शिक्षित राजस्थान, विकसित राजस्थान" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "शिक्षा से सशक्त भारत" के विज़न के अनुरूप यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### चार विद्यालयों के लिए नई स्वीकृति

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस संबंध में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को पत्र भेजकर जानकारी दी है। नई स्वीकृतियाँ इस प्रकार हैं–

ग्राम दोहरिया, झिरोटा, अराई - नया प्राथमिक विद्यालय।

शार्दूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदनगंज किशनगढ़ - चित्रकला विषय की अतिरिक्त संकाय।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रैगरानबस्ती - विज्ञान संकाय।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सुरसुरा - विज्ञान संकाय।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में अहम कदम

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इन स्वीकृतियों के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नए विद्यालय और संकायों की स्थापना से विद्यार्थियों को विज्ञान और कला जैसे विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को दूरस्थ स्थानों तक भटकना नहीं पड़ेगा और



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ होगी।

### शिक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

चौधरी ने कहा कि अजमेर संसदीय क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने में यह पहल अत्यंत स्वागतयोग्य है। प्रधानमंत्री मोदी के "शिक्षा से सशक्त भारत" के विज़न और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षा क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन स्वीकृतियों से न केवल विद्यार्थियों को बल्कि पूरे समाज को सकारात्मक लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी शिक्षा संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के प्रयास जारी रहेंगे। यह निर्णय शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ समाज के सर्वांगीण विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## श्रीमाधोपुर नगरपालिका में 'शहर चलो अभियान' की बैठक में हंगामा

### विपक्षी पार्षद बोले- बिना सूचना बुलाकर ली बैठक, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाईम्स



**श्रीमाधोपुर(निसं.)** नगरपालिका में गुरुवार सुबह 11.30 बजे 'शहर चलो अभियान-2025' को लेकर आयोजित बैठक विवादों में घिर गई। बैठक की शुरुआत में ही कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि उन्हें बैठक की सूचना तक नहीं दी गई। इस पर जमकर हंगामा हुआ और नाराज़ पार्षदों ने एसडीएम अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। विरोध करने वाले पार्षदों में मदन चौहान, जगदीश प्रसाद मीणा, राकेश शर्मा, विजय सैनी और मनोज बिंवाल शामिल रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका प्रशासन पारदर्शिता से काम नहीं कर रहा और अभियान की बैठक को लेकर जानबूझकर विपक्ष को अंधेरे में रखा गया। बैठक में पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत, उपाध्यक्ष औंकार सिंह राठौड़, मात्र चार पार्षद और कुछ पालिका कर्मचारी ही मौजूद थे। विपक्षी पार्षदों की गैरहाज़िरी से बैठक का माहौल तनावपूर्ण रहा। ईओ डॉ. अशोक जाखड़ ने जानकारी दी कि 'शहर चलो अभियान' 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक दो चरणों में संचालित होगा। इसमें शहर की सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नई लाइटें लगाने का काम होगा। साथ ही, टूटे फेरो कवर और क्रॉस की मरम्मत, तथा मुख्य सड़कों पर पैचवर्क कराया जाएगा। अभियान के दौरान स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती 69ए और कृषि भूमि के पट्टे जारी किए जाएंगे। इसके अलावा भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि व भवन निर्माण स्वीकृति जैसी सेवाएं दी जाएंगी। साथ ही ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी और स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन भी आसान प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराए जाएंगे। विपक्षी पार्षदों ने मांग की है कि अभियान को पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालित किया जाए तथा सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को समय पर सूचना देकर शामिल किया जाए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# जगह-जगह शिक्षक दिवस मनाया गया



अजीतगढ़.


सरदारशहर।


सरदारशहर।


दांता रामगढ़।


मण्डावा


चूरू


सुजानगढ़


कांवट।

जयपुर टाइम्स

**दांता रामगढ़।** श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य से लेकर आचार्य- आचार्या, लिपिक, सेवक आदि की सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक व्यवस्थाएं भैया - बहिनों ने संभाली। कक्षा दशमी की बहिन आस्था कुमावत ने प्रधानाचार्य की भूमिका का निर्वहन करके दिनभर की गतिविधियों को देखा तथा अंत में कार्यक्रम के दौरान सभी भैया - बहिनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य महेश कुमार सिंहमार ने की। भूगोल व्याख्याता लक्ष्मण सिंह ने बालको नकारात्मक सोच नहीं रखने के लिए कहा विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदकिशोर तिवारी ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के अंत में सभी आचार्य- आचार्याओं का श्रीफल व दुपट्टा देकर सम्मान किया गया।

**सरदारशहर।** शहर के एसवीपी इंग्लिश एकेडमी एवं शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस ??के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, निदेशक दिव्या गौड़, संस्था प्रधान भरत गौड़ और प्रभारी आलोक सिंह ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। छात्रों द्वारा एक विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को समर्पित नृत्य, गीत, नाटक, भाषण, कविताएँ आदि प्रस्तुत कर इनके माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता, सम्मान एवं समर्पण दर्शाया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने शिक्षकों के समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों को शिक्षकों के प्रति सम्मान की परंपरा को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और छात्रों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन से सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आलोक सिंह, संदीप दर्जी, ओमप्रकाश सुथार, सरोज प्रजापति एवं प्रेम प्रकाश नाई ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पूर्व शिक्षक दीपक मोदी का राजकीय सेवा में चयन होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा माला, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ छात्रों ने भूमिका परिवर्तन की परंपरा को अपनाया, एक दिन के लिए शिक्षक की भूमिका निभाई और कनिष्ठ छात्रों के लिए कक्षाएं संचालित की जो सीखने के आपसी बंधन का प्रतीक है। इस समारोह ने विद्यालय में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल बनाया। कार्यक्रम का संचालन अन्वी सिंह और रोहन बडीवाल तथा कोमल एवं स्वाति ने किया।

**सरदारशहर।** शहर के आईएएसई मानित विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पुरस्कार देकर शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने गीत, कविता, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। जिसमें सम्पत, रेखा पंवार, प्रकाश जोशी, चेतना, मनीषा मुख्य थे। प्रशिक्षणार्थियों ने प्राध्यापकों से मजेदार खेल खिलवाएं। कार्यक्रम में प्रो वीके स्वामी, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय डॉ कैलाश पारीक, अधिष्ठाता, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, डॉ ओपी शर्मा, विभागाध्यक्ष एवं सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। डॉ पूराराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर हम सभी शिक्षकों को संकल्प करना चाहिए कि हम अपने व्यक्तिगत सोच से ऊपर एक विश्वव्यापी दृश्टिकोण अपनाये। वसुधैव कुटुम्बकम को ही अपना मूल मंत्र माने। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। सभी ने डॉ राधाकृष्न को पुष्जलि अर्पित की। संचालन प्रियंका शर्मा एवं प्रेरणा मिश्रा, बीएड द्वितीय वर्ष प्रशिक्षणार्थी ने किया।

**अजीतगढ़.** कस्बे में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्था की एक अहम मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा एवं सचिव ओमप्रकाश बावलिया ने बताया कि संस्था की बैठक में सभी कार्यकारिणी के सदस्यों ने फैसला किया कि 7 सितंबर को कस्बे के गणेश गार्डन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में अजीतगढ़ ब्लॉक के उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों, कमजोर वर्गों को प्रोत्साहन देने वाले शिक्षकों व भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।

**अजीतगढ़.** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान समारोह का आयोजन अजीतगढ़ कस्बे की अजीतगढ़ पीजी कॉलेज में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि समग्र शिक्षा के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक राकेश लाटा थे। अध्यक्षता अजीतगढ़ प्रधान शंकर लाल यादव ने की। समारोह को संबोधित करते हुए लाटा ने कहा कि शिक्षक शिष्टाचार रखते हुए क्षमाशील रहकर कर्तव्य निभाता है। आज के दिन विशिष्ट सेवाओं में इनका सम्मान आवश्यक है। अजीतगढ़ प्रधान ने कहा कि शिक्षक सभी जगह सम्मान का पात्र हैं। विद्यार्थियों का सही और उचित मार्गदर्शन देना ही शिक्षक का मूल ध्येय होना चाहिए। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने और विषम परिस्थितियों में जीने की कला सिखाता है। अजीतगढ़ सीबीईईओ मोहन लाल डूडी ने कहा कि विनम्रता और अनुशासन शिक्षक का मुख्य गुण होना चाहिए। पीजी कॉलेज के निदेशक विजय यादव ने कहा कि शिक्षक को सम्मान मिलना शिक्षा जगत को गौरवान्वित करता है। सोसायटी के ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा व तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया कि श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़ ब्लॉक के कुल 66 शिक्षकों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर मनीष मीणा,विष्णु चौधरी,पवन कुमार,विनोद लुणाका, डब्बू सिंह उपस्थित थे। मंच संचालन दिनेश गोविंद शर्मा ने किया।

**मण्डावा** शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति, कविता, भाषण एवं गीत के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने कहा कि शिक्षक ही छात्रों के भविष्य का निर्माण करते हैं और यह दिवस हमें गुरुजनों के प्रति आदर प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि वे पूरे जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने गुरुजनों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पूनम गढ़वाल ने की । इस अवसर पर सुनील, श्रीराम, दिनेश, मरुधर, सरिता, मोनिका, अभिषेक, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे ।

**चूरू** शिक्षक दिवस पर जिला मुख्यालय के राजकीय लोहिया महाविद्यालय में शुक्रवार को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव है। शिक्षक का स्थान भगवान के समान माना जाता है। शिक्षक ही समाज में आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जहां तकनीक, सामाजिक परिवर्तन और वैष्विक चुनौतियों के बीच छात्रों का मार्गदर्शन करना अत्यंत आवश्यक है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शिक्षक के बिना कोई राष्ट्र मजबूत नहीं बन सकता। शिक्षक जो नींव रखते हैं, उस पर समाज की इमारत खड़ी होती है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में सर्वोत्तम सेवा है। शिक्षक संस्कारित, संस्कृति युक्त व ज्ञानपरक समाज का निर्माण करता है। शिक्षक विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा व व्यक्तित्व निर्माण पर काम करें और उन्हें वर्तमान की आवश्यकताओं व स्थितियों की जानकारी देते हुए भविष्य की नीतियों के लिए तैयार करें। सुराणा ने कहा कि जिले में आरआरआर, कोड चूरू व पुस्तक संवाद जैसे नवाचारों के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण पर फोकस किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने कहा कि नेपथ्य में रहकर विद्यार्थी व समाज के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले शिक्षकों का सम्मान सराहनीय पहल है। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि शिक्षक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे हम एक उदाहरण सिद्ध हो सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बृजेन्द्र दाधीच ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश, बसंत शर्मा, चंद्राराम प्रजापत, ओमप्रकाश फगेड़िया, ओमप्रकाश तंवर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने इमरान खान, श्योलाराम भोपा व विजय कुमार को प्रतीक चिन्ह, साफा, शॉल व 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार राशि देकर व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 30 शिक्षकों का शॉल, साफा, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी के साथ पुस्तकालय अभिरूचि प्रतियोगिता 2025 में जिला स्तर पर प्रथम रहे स्वीटी व अशोक कुमार, द्वितीय माया, तृतीय रेखा स्वामी तथा ब्लॉक स्तर पर प्रथम व द्वितीय रहे निरू सहित अनेक विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया।

**सुजानगढ़** स्थानीय मरूदेश संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर कस्बे के पांच पूर्व शिक्षकों का घर जाकर सम्मान किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि पूर्व वरिष्ठ शिक्षक आनंदीलाल गोठड़िया, अनिल पुरोहित, नीरजा शर्मा, मीना थदानी और साधना तोषनीवाल का उनके घर जाकर उनकी शिक्षा सेवा की प्रशस्ति स्वरूप अभिनंदन किया गया। शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मान पत्र, दुपट्टा, मिष्ठान और साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर मंत्रोचार और पुष्प वर्षा भी की गई। अपने सम्मान से अविभूत सम्मानित शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने मरूदेश संस्थान की इस पहल को अनुकरणीय और प्रासंगिक बताया। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक की अध्यक्षता में नगर पालिका छापर के अध्यक्ष श्रवण कुमार माली के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या शीतल मिश्रा और न्यूज संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी उपस्थित थे। संस्थान के सचिव कमलनयन तोषनीवाल, कार्यक्रम संयोजक किशोर सैन, सुमनेश शर्मा, मुकेश रावतानी, पूर्व पार्षद सुनीता रावतानी, एडवोकेट मुकेश गोठड़िया, सुभाष जाजू, व्याख्याता विधि थदानी, लतिका शर्मा आदि की सहयोगी भूमिका रही।

**कांवट।** मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेशभर के 51 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिनमें कांवट क्षेत्र से माधोकाबास निवासी अध्यापक सुखराम पालिवाल व गढभोपजी स्कूल से अध्यापक विनोद कुमार वर्मा को गोरव शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजित संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखिका, उद्यमी एवं समाजसेविका डॉ. सुनीता दामिनी गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि सुबीर गुप्ता (वरिष्ठ आईएएस अधिकारी) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में रामलाल शर्मा (पूर्व विधायक चोमू), प्रदीप शर्मा (थाना अधिकारी, चोमू), नेमीचंद पवार (अध्यक्ष, रामदेवरा धर्मार्थ संस्थान), रामनिवास पालीवाल (सेवानिवृत्त जिला कृषि अधिकारी), गजानंद परिहार एवं रघुनाथ पाटोदिया (सेवानिवृत्त अध्यापक) शामिल हुए। अध्यक्षता कर रही डॉ. सुनीता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि "शिक्षक समाज का आईना है, जो समाज की दशा और दिशा बदलने का कार्य करता है। मुख्य अतिथि सुबीर गुप्ता ने कहा कि "समाज व्यवस्था में परिवर्तन लाने में शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक ही ऐसा व्यक्तित्व है जो सर्व समाज को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। यदि मुझे दूसरा जन्म मिले तो मैं शिक्षक बनना चाहूंगा।" इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने कहा कि "मानव जन जागृति संस्थान एक ऐसी संस्था है, जो सामाजिक समानता की बात करती है और समाज में भेदभाव मिटाने का कार्य कर रही है।" कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
6 सितम्बर, 2025

# श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव ऐसा नहीं बचेगा जहां सड़क नहीं हो : खर्रा







## एक करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाली दो सड़कों का किया शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र का ऐसा कोई गांव नहीं बचेगा जहां सड़क नहीं हो सभी गांवो में सड़कों की सुविधा उपलब्ध होगी। खर्रा शुक्रवार को अजीतगढ़ ब्लॉक के ग्राम गढटकनेत के 200 बीघा बड से लेकर नीमकी ढाणी एवं रोलानिया की ढाणी तक बनने वाले दो सड़क मार्गो के शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित लोगों से कह रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास से जल्दी ही यमुना नदी का जल क्षेत्र में आ जाएगा जिस कारण पेयजल की समस्या तो हल होगी साथ ही किसानों को खेती के लिए भी पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की भी कमी नहीं आएगी नहीं भेदभाव किया जाएगा उनकी सरकार आने के बाद उन्होंने श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवो में कई सड़क मार्ग स्वीकृत करा बनवा एवं आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। समारोह को अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव, भाजपा के युवा नेता अजय सिंह खर्रा ने भी संबोधित किया। समारोह के पहले खर्रा को ग्रामीणों ने ढाणी बाढावाली से घोड़ी पर बिठाकर बैंड बाजे के साथ शिलान्यास स्थल तक लेकर आए जहां पर ग्रामीणों ने खर्रा , प्रधान शंकर लाल यादव, अजय सिंह खर्रा समेत अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ढाणी बाढावाली के लोगों व महिलाओं ने मंत्री से ढाणी तक पक्की सड़क के निर्माण की मांग की तो मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही उपरोक्त समस्या का समाधान हो जाएगा इसके बाद मंत्री ने विधि विधान के साथ सड़क की शिलान्यास पट्टिका का शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों ने मंत्री को कई समस्याओं का ज्ञापन दिया जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जो भी समस्या है उनका तुरंत निराकरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बेरवा, अजीतगढ़ पंचायत समिति की विकास अधिकारी सुमन कुमावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मंगलचंद, सहायक अभियंता विशाल सिंह, अजीतगढ़ की महिला एवं बाल विकास अधिकारी मंजू भामु, अजीतगढ़ दिवराला भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह समोता, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष पूर्ण मीणा, कल्याणपुर सरपंच पवन कुमार, भाजपा नेता महेश दूधवाला, मुकेश नटवाड़िया, मोतीलाल रुडला, वरिष्ठ पार्षद माखनलाल स्वामी, हनुमान समोता, हरि सिंह रोलानिया समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सूरजगढ़ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू सूरजगढ़** /सूरजगढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है, जिससे अवैध हथियार नेटवर्क का पता लगाया जा सके। 5 सितंबर, 2025 को सूरजगढ़ थाना पुलिस नियमित गश्त पर थी, तभी उन्हें एक मुखबिर से गुप्त सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि ग्राम सेहीकलां के जोहड़ (तालाब) के पास कुछ युवक हथियार के साथ मौजूद हैं। इस सूचना पर, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत व वृत्ताधिकारी चिड़ावा विकास धींधवाल के मार्गदर्शन में एक टीम तुरंत मौके पर भेजी गई। पुलिस टीम ने जोहड़ पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां मौजूद युवकों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, एक युवक नेमीचन्द पुत्र मालपुरी गोस्वामी (उम्र 25 वर्ष, निवासी टोडास, जिला डीडवाना कुचामन) के लोअर की दाहिनी जेब से एक अवैध पिस्टल, मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसी दौरान, दूसरे युवक विजेन्द्र पुत्र विनोद कुमार गोस्वामी (उम्र 25 वर्ष, निवासी रघुनाथगढ़, जिला सीकर) की तलाशी ली गई, और उसकी जेब से भी एक जिंदा कारतूस मिला। जब दोनों से इन हथियारों के संबंध में लाइसेंस और परमिट मांगा गया, तो वे कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाए।



## एसडीएम ने किया जल निकासी का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के तीन मोहल्लों में जलभराव की स्थिति धीरे-धीरे कम होने लगी है। चापटिया तलाई से लगातार पानी निकासी होने के कारण भोजलाई चौराहे से करीब एक फुट पानी नीचे उतर गया है। जिसके चलते अनेकों दुकानों के सामने से पानी का भराव हट गया है। दूसरी ओ उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने चापटिया तलाई का सुबह निरीक्षण किया और नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने बताया कि होली धोरा में भी नए पंप सैट लगवाकर पानी निकासी करवाई गई है। जबकि नाथोतालाब की ओर भी लाईन लगाकर पानी निकासी की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द पानी निकासी की जा सके।


## तालाब में डूबने से मौत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर स्थित गांव धां के तालाब में शुक्रवार की शाम को एक व्यक्ति का शव तैरने की सूचना मिली। जिस पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल जगदीश गढ़वाल, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भागीरथ मौके पर पहुचे तथा शव को ग्रामीणों की सहायता से निकालकर बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान नानूराम (45) पुत्र दानाराम बावरी, निवासी धाँ गांव के रुप मे हुई है। पुलिस परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही करेगी।

## बालिका की हत्या की आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने 12 वर्षीय बालिका लक्ष्मी की हत्या के मामले में आरोपी महिला चांदनी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि आरोपी महिला का मेडिकल करवाया गया है और उससे पूछताछ जारी है। आपको बता दें कि बुधवार को 12 वर्षीय बालिका लक्ष्मी की चांदनी द्वारा पिटाई करने के आरोप बालिका की मां द्वारा लगाए गए थे। पिटाई के चलते लक्ष्मी की मौत की जानकारी पुलिस को दी गई। डीएसपी ने बताया कि आरोपी महिला को 2018 में भी ब्लैकमेलिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। डीएसपी दरजाराम ने आम लोगों से अपील की है कि जब भी नया किरायेदार रखें, तो उसका पुलिस सत्यापन जरूर करवायें, ताकि अपराधियों को शरण देने से बचा जा सके।

## धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में लोग बढ़ चढ़ कर ले हिस्साः खर्रा



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा यह कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर भगवान की सेवा करें ताकि उनको पुण्य मिल सके। खर्रा शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत के भोमिया जी महाराज के मंदिर में आयोजित भंडारा में भाग लेने के दौरान कहा की प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में अपनी मेहनत की कमाई में से कुछ राशि बचाकर खर्च करें ताकि व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति हो सके। इस अवसर पर अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव ने कहा कि लोगों की धीरे-धीरे धार्मिक आस्था बढना शुरू हो गई है जिस कारण हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह धार्मिक कार्यक्रम के आयोजनों में भाग ले एवं सेवा करें। इस अवसर पर खर्रा व प्रधान यादव भोमिया जी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं मन्नत मांगी इस अवसर पर भोमिया जी महाराज मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी ने खर्रा एवं प्रधान यादव का सापा पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात रहे की इस मंदिर में शुक्रवार को भोमिया जी महाराज का विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की एवं भोमिया जी महाराज के दर्शन करें पूजा अर्चना की वह मन्नत मांगी साथ ही शनिवार को मंदिर मे भोमिया जी महाराज का वार्षिक मेला भरेगा एवं सुबह से लेकर शाम तक बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजनो का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर भोमिया जी महाराज मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रम मीणा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष से रतनलाल जांगिड़,किरण सिंह बडगूजर, पार्षद मनीष मीणा, मुकेश डीलर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आग से लाखों का नुक़सान

## फायरब्रिगेड पहुचती तो होने वाले नुक्सान से बच सकता था



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम लुणासर में एक बन्द घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा समान तथा घर क्षतिग्रस्त हो गया। आग का कारण शोर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग कब लगी जिसकी जानकारी नहीं है प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सुबह पांच बजे उठे तो घर से धुआं निकल रहा था। जिस पर मौके पर पहुंचकर मकान मालिक को सुचना दी। सुचना पर राजलदेसर पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के लुणासर के इस घर में बिकाजी कम्पनी ने आउटर क्षेत्र में सप्लाई की एजेंसी का समान के साथ घरेलू सामान भी था।सुचना पर काफी ग्रामीण मौके पर आ गये। राजलदेसर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगरपालिका की दमकल को सुचना दी जिस पर दमकल आपरेटर नहीं होने से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची। मौके पर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग पर काबू पाने तक लाखों रूपयों के नुकसान होना बताया जा रहा है।प्रथमदृष्ट आग का कारण शोर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर सुचना एकत्रित कर ली। मकान मालिक विजय कुमार ने बताया कि हरीओम एजेंसी के नाम से फर्म है जिसे बिकाजी कम्पनी के प्रोडेक्ट रतनगढ़ आउटर क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए अधिकृत है। जिसका समान इसी घर में रखते हैं। तथा कुछ घरेलू अतिरिक्त समान भी इसी में रखा था। जिसका पुर्ण नुकसान का आकलन खाता बही में के हिसाब देखकर बताया जावेगा।मैं परिवार के साथ राजलदेसर रहता हूं। सुबह पडौसी ने मेरे घर से धुआं निकलते देखा मेरे पास सुचना पहुंची हम सभी ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास किया तब तक सारा सामान जल चुका था। घर के कमरों के लगे लकड़ी के गेट भी जल चुके थे। साथ ही लाखों रूपये का समान जलकर राख हो गया। वार्ड पंच हुनताराम ने बताया सुबह घर से धुआं निकलते दिखने पर हम सभी ग्रामीण आये?। राजलदेसर नगरपालिका में फायरब्रिगेड के लिए सुचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड आपरेटर नहीं होने से फायरब्रिगेड नहीं आई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने में कभी मकसद करनी पड़ी तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया।

## रतनगढ़ में अपहरण और डकैती प्रकरणः पांच आरोपी गिरफ्तार, अब तक दस की गिरफ्तारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शहर के संगम चौराहे से युवक का अपहरण कर उसके साथ डकैती और मारपीट करने तथा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 10 लोगों को पुलिस हिरासत में ले चुकी है। मामले के अनुसार सरदारशहर तहसील के गांव देराजसर निवासी कृष्णकुमार मेघवाल ने रिपोर्ट दी थी कि उसका भाई दिलीप मेघवाल, जो रतनगढ़ से सूरत रूट पर चलने वाली निजी स्लीपर बस में परिचालक है, 17 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए संगम चौराहे पर खड़ा था। उसी दौरान गांव के कुछ लोग तीन-चार मोटरसाइकिलों पर आए और बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ ले गए। आरोपियों ने दिलीप को गांव देराजसर की रोही में पेड़ से रस्सी द्वारा बांधकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सीआई दिलीपसिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। जांच अधिकारी रामनिवास ने बताया कि शुक्रवार को राणासर बस स्टैंड से बिशनलाल पुत्र हनुमानाराम, शिशपाल पुत्र माहिचंद, बृजेंद्र पुत्र इंद्राज, भैरूराम पुत्र गोपीराम (सभी निवासी देराजसर, तहसील सरदारशहर) तथा भवानी पुत्र बुधाराम निवासी राणा को गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व पुलिस ने सूर्यप्रकाश नायक, लालचंद नायक, दिलीप नायक, भैराराम नायक और विनोद नायक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की थीं। अब तक की कार्रवाई में कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## 6 अक्टूबर को जयपुर में होगी अन्नदाता हुंकार रैली

### रामपाल जाट बोले- खेत को पानी, फसल को दाम और युवाओं को काम दे सरकार

जयपुर टाइम्स

**सीकर(नि.सं.)।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि आज़ादी के बाद किसानों को बार-बार आश्वासन तो मिले, लेकिन हक़ीक़त में उनके हिस्से का न्याय नहीं मिला। 1994 के यमुना जल समझौते को हुए 31 साल गुजर गए, लेकिन सीकर, झुंझुनूं, चूरू और भरतपुर को अब तक पानी की एक बूंद तक नहीं मिली। उन्होंने यह बात नवलगढ़ रोड स्थित महादेव गार्डन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। रामपाल जाट ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के लिए कानून नहीं बनाया गया। परिणामस्वरूप किसान अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। इस बार की भारी बरसात से 75‘ से 90‘ तक फसल खराब हो गई, बावजूद इसके प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों से प्रीमियम वसूला गया। कई किसानों को 2500 रुपए प्रीमियम देने के बाद मात्र 1500 रुपए से भी कम का क्लेम मिला। आपदा राहत कोष में भी पारदर्शिता की कमी और भेदभाव की शिकायतें लगातार सामने आई हैं। उन्होंने घोषणा की कि किसानों की मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को जयपुर में अन्नदाता हुंकार रैली का आयोजन होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों को ज्ञापन भेजा जा चुका है। जाट ने बताया कि वे 5 सितंबर को कटराथल में सभा को संबोधित करेंगे तथा चौमू तहसील के ढोढसर गांव में किसानों से मिलकर जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## श्रीमाधोपुर में जर्जर मकान का हिस्सा गिरा, बड़ा हादसा टला

जयपुर टाइम्स

**श्रीमाधोपुर (नि.सं.)।** शहर के सीकर बाजार वार्ड 21 स्थित खैरवालों की गली में शुक्रवार को एक जर्जर मकान का हिस्सा गिर गया। लगातार हो रही बारिश से इस मकान के पूरी तरह गिरने का खतरा बढ़ गया है। गली से गुजरने वाले लोगों और आसपास के दुकानदारों में डर का माहौल है। जानकारी के अनुसार, नगरपालिका ने पिछले वर्ष शहर का सर्वे कर इस मकान को खतरनाक श्रेणी में चिह्नित किया था। मकान मालिक प्रमोद कुमार अग्रवाल, अमर चंद्र अग्रवाल और



इन्द्र कुमार अग्रवाल को 25 जून 2024 को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 243 के तहत नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में स्पष्ट लिखा था कि मकान की मरम्मत या ध्वस्तीकरण की जिम्मेदारी मालिकों की होगी। इसके बावजूद न तो मकान मालिकों ने कार्रवाई की और न ही नगरपालिका ने आगे कोई ठोस कदम उठाया। मकान के नीचे तीन दुकानें बनी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर रोज छत की पट्टियां और मलबा गिरने का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दुकानदारों ने नगरपालिका से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। नगरपालिका के ईओ अशोक कुमार जाखड़ ने बताया कि जेईएन को मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। स्थिति का जायजा लेने के बाद मकान को सुरक्षित ढंग से ध्वस्त करने या मरम्मत कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## तकनीकी युग में कंप्यूटर ज्ञान के बिना शिक्षा अधूरी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** भवानी एजुकेशन, मंडावा जहाँ आज बालिकाओं के सम्मान में सभी बालिकाओं को प्रोत्साहित संस्था संचालक दीपक कुमावत, जैकी राम गोयल ईओ नगरपालिका मंडावा, भाजपा नेता संदीप शर्मा , भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी व पूर्व भाजपाध्यक्ष विजेंद्र सैनी आदि मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया । बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा का महत्त्व बताया गया व उन्हें महिला सशक्तिकरण के बारे में समझाते हुए उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया । अतिथियों ने कहा की वर्तमानयुग में तकनीकी शिक्षा होना जरूरी है। कंप्यूटर ज्ञान के बिना इस तकनीकी युग में शिक्षा अधूरी लगती होती है। यह संस्थान विद्यार्थियों को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा देकर एक बड़े सामाजिक दायित्व का निर्वाह कर रहा है। उन्होंने कहा कि निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा देकर समाजोत्थान का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा।

## कांग्रेस कमेटी सीकर द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निंस.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर की ओर से जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही यह जुलूस ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने से गुजरा, कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी आपसी भाईचारे, एकता और शांति का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक सद्भाव और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रही है।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने "हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई" के नारों के बीच सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर के अंकित पारीक रोहित राहुल उमेश अब्दुल रईस भारती वाजिद अली ठेकेदार मोइन बिसायती जुबेर नारू ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## प्रकृति-मानव केन्द्रित जन आन्दोलन




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** तीन दिवसीय कार्यक्रम न्यायपूर्ण एवं लोक सशक्त्तीकृत सामाजिक व्यवस्था किसान सेमिनार कार्यक्रम में आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक शाखा सीकर आगार से प्रतिनिधि मण्डल ने भाग लिया। सांसद कामरेड़ अमराराम मुख्य अतिथि रहे साथ ही एटक के प्रदेश महासचिव धर्मवीर चौधरी विशिष्ट अतिथि रहे।देश प्रदेश से आयें प्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया,कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण ओर खाद्य सुरक्षा में लोक-आधारित प्राकृतिक कृषि का महत्व के सम्बन्ध विस्तृत जानकारी दी गई।एटक शाखा सीकर से प्रदेश सचिव प्रभू दयाल बाजियां, नेमीचंद लिढान, महेश कुड़ी, विनोद दायमा, राजेश खिंचड़ उपस्थित रहे।

## लक्ष्मणगढ़ में सीएलजी बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)** लक्ष्मणगढ़ शहर पुलिस चौकी में शुक्रवार को थाना अधिकारी महेंद्र सिंह साहू की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। थानाधिकारी साहू ने सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क रहेगी। बैठक में शहर चौकी प्रभारी बालूराम, कांस्टेबल अशोक कुमार, विनोद कुमार, रवि कुमार, भाजपा नेता जयप्रकाश सरावगी, पूर्व पार्षद सुभाष पारीक, शुभकरण बिवाल सहित कई सीएलजी सदस्य और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। थानाधिकारी साहू ने बताया कि आगामी त्यौहारों पर शांति एवं सौहाद्र बनाए रखने के संबंध में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई है।उन्होंने कहा कि आमजन का सहयोग ही शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहायक होता है।

# नियमित रूप से रक्तदान करके मानवता के यज्ञ में बनें भागीदार : रीटा चौधरी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने कहा है कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से कई ज़िंदगियों को बचाया जा सकता है। वे शुक्रवार को हेतमसर स्थित राबाउमावि में ऋचा स्मृति फाउण्डेशन की ओर से ऋचा चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर तथा ऑडिटोरियम लोकार्पण समारोह में बोल रही थी । उन्होंने अवसर पर क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान कर इस मानवीय अभियान को सशक्त बनाएं। रक्तदान किसी व्यक्ति को जीवनदान देने जैसा है। उन्होंने आह्वान किया कि रक्तदान को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और नियमित रूप से रक्तदान करके मानवता के इस यज्ञ में भागीदार बनें। रीटा चौधरी ने कहा कि रक्तदान






केवल रक्त नहीं, बल्कि आशा, विश्वास और जीवन का प्रतीक होता है। उन्होंने मील परिवार के रक्तदान को जन-आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका की सराहना की है। जिन्होंने रक्तदान को जन आंदोलन बनाया। उन्होंने कार्य-निष्ठा, पारदर्शिता और सेवाभाव का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह सम्पूर्ण स्वास्थ्य तंत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए द्य उल्लेखनीय है की शुक्रवार को ऋचा चौधरी पुत्र वधु सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शीशपाल मील की द्वितीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर में ऋचा ऑडिटोरियम का उद्घाटन तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मण्डावा विधायक सुश्री रीटा चौधरी , उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी , भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया,पूर्व तहसीलदार ओमकार सिंह मूँड ,हेतमसर सरपंच खुशबू कस्वां , मण्डावा पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ,पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा ,प्रधानाचार्या सुमन शेखसरिया, मंडावा एसडीएमडी मुनेश कुमारी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार मील आदि मंचासीन अतिथि थे । पुण्यात्मा के इस कार्यक्रम में विधायक रीटा चौधरी द्वारा स्वयं रक्तदान कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 350 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ । साथ ही ऋचा ऑडिटोरियम का शुभारंभ विधायक रीटा चौधरी और पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी द्वारा किया गया । भारी संख्या में स्थानीय लोग , विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## 10 वर्षीय विद्यार्थी ने हाथों से गणेश जी की मूर्ति का किया निर्माण





जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी को समर्पित 10 दिवसीय भव्य गणेश उत्सव का समापन दिवस अनंत चतुर्दशी के रूप में आता है। महाराष्ट्र में बड़े स्तर पर मनाए जाने वाला यह उत्सव अब पूरे भारत में मनाया जाने लगा है। सीकर निवासी एक विद्यार्थी ने इस बार अपने हाथों से भगवान गणेश जी की 3.5 इंच की मूर्ति का निर्माण किया है। आनंद नगर निवासी 10 वर्षीय बालक त्रिजल सिखवाल ने अपने परिवार में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार करना बचपन से ही सीखा है। प्राकृतिक सहजता को बनाए रखने के लिए बच्चों ने मिट्टी से मूर्ति का निर्माण किया गया है। मूर्तिकार बच्चे ने मूर्ति में बारीकी से अनोखी कारीगरी द्वारा श्री गणेश जी के वास्तविक स्वरूप को साकार करते हुए मूर्ति के सामने मोदक व साथ में गणेश जी की सवारी मूषक को भी अंकित किया है। भगवान गजानन को ज्ञान, बुद्धि, सुख, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना गया है। त्रिजल सिखवाल ने बताया कि 10 दिनों तक अपने घर में उसने मित्रों व परिवारजनों के साथ दोनों समय आरती करते हुए नए-नए भोग प्रसाद विनायक जी को अर्पित किए। आज अनंतचतुर्दशी के दिन " गणपति बप्पा मोरिया" तथा "अगले बरस तू जल्दी आ" के जयकारों के साथ घर में ही विसर्जन किया जाएगा। पर्यावरण के अनुकूल वक्रतुंड श्री गणेश की मूर्ति बनाकर बच्चों ने प्रकृति प्रेमी तथा आस्थावान बनने का उदाहरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर की भर्ती के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 8 सितम्बर से

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिला रोजगार कार्यालय सीकर सहायक निदेशक राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर व भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के गृह मंत्रालय एनडीआरएफ के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवका सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाईजर के की भर्ती जिला रोजगार कार्यालय सीकर में प्रात 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अभ्यर्थियों की भर्ती की जायेगी। भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि 8 सितम्बर 2025 को लक्ष्मणगढ, नेछवा, 9 सितम्बर को फतेहपुर, रामगढ शेखावाटी,10 सितम्बर को दांतारामगढ़, पलसाना, 11 सितम्बर को श्रीमाधोपुर, अजीतगढ़,12 सितंबर को खंडेला, धोद ,15 सितम्बर को नीमकाथाना, पाटन, 16 सितम्बर को नेछवा अजीतगढ़, 17 सितम्बर को रामगढ़, लक्ष्मणगढ़,18 सितम्बर को पलसाना, पाटन, 19 सितम्बर को सीकर राजस्थान के समस्त अभ्यर्थी भाग ले सकते है। जिला रोजगार कार्यालय सीकर, एसआईएस रिजनल ट्रेनिग एकेडमी, नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह, सहायक भर्ती अधिकारी निमाराम द्वारा भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर सुरक्षा सुपरवाईजर एव सुरक्षा जवान की भर्ती की जायेगी तथा इस के लिए भर्ती स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके लिए अभ्यार्थी 10वीं पास, हाईट 170 ष्टरू, वजन 50 किलों, सीना 80-85 सेमी तथा आयु 19 से 40 वर्ष तक होनी चाहिए, इसके साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। चयनित आशार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार प्रदान किया जाएगा। एसआईएस रिजनल ट्रेनिग एकेडमी, नीमच द्वारा भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों एवं प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थाओं व मल्टीनेशनल क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया जाएगा।

## जुलूस ए मोहम्मदी में हजारों लोगों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुस्लिम समुदाय की ओर से पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन का पर्व ईद ए मिलाद उन नबी हर साल की भांति इस साल भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस साल खास यह रहा कि पैगंबर ए इस्लाम 1500 वाँ जन्मदिवस था। घरों रास्तों और मस्जिदों को लाइटिंग और झंडों से सजाया गया। अल सुबह तमाम मस्जिदों में उनकी विलादत (जीवनी) पर रोशनी डाली गई और सलातो सलाम पैश किया गया। सुबह आठ बजे जामिया हाशिमया से जुलूस ए मोहम्मदी मस्जिद जन्नतुल फिरदौस मोहल्ला तेलियान, मोहल्ला काज़ियान, ईदगाह मस्जिद, गांधी चौक पुलिया मदीना मस्जिद, नूर नगर होते हुए पांच नंबर फाटक पर मदरसा फ़ैज़ान ए हसनैन में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में हजारों लोग डीजे व धार्मिक झंडों के साथ नबी की शान में नारे लगाते चल रहे थे। हाफिज अब्दुल सलाम ने बताया कि जुलूस में सैय्यद मसऊद जमा, सैय्यद महमूद जमा, शहर क़ाज़ी मोहम्मद अकरम आदि रथ पर सवार होकर चल रहे थे। जिनका जगह जगह लोगों ने जोरदार स्वागत किया। पुलिया चौक पर सभापति प्रतिनिधि मो. इदरीश गौरी, रफीक खिची, एडवाकेट रामकुमार मेघवाल, सिराज खान कायमखानी, पूनमचंद मेघवाल आदि ने जुलूस में रथ पर सवार विद्वानों का स्वागत किया। जुलूस के दौरान एडीशनल एसपी दिनेश कुमार, डीएसपी दरजाराम, सीआई बैगाराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता भी सतर्कता के तौर पर तैनात रहा। उन्होंने बताया कि इस मुबारक मौके पर अस्पतालों में मरीजों की सहायतार्थ विफल वितरण किया गया और वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। तेलियान मैरिज हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर में 121 लोगों ने रक्तदान किया। व्यवस्थाओं को बनाने में हाफिज आबिद अगवान, पार्षद प्रतिनिधि जावेद खींची, मुख्तार खींची, रोशन सुन्नी बादशाह, अजनबी चौहान, खलील दईया, बिलाल चौहान, फ़ारूक़ खिची, मौलाना जावेद, क़मर जमा, अकरम तगाला, जाकिर अगवान, शाहिद खान, इकबाल खान पार्षद, आरीफ खान, मो. इदरीश गौरी, मास्टर दाऊद, अहसान खान आदि ने सहयोग किया। हाफ़िज अब्दुल सलाम ने पुलिस और प्रशासन का व्यवस्थाओं के लिए आभार जताया।

## गरासिया के जन्मदिन पर पौधारोपण



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया के जन्मदिवस के उपलक्ष में पौधारोपण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने बताया कि शेर बाग के पास पौधारोपण कर आम जन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। इस अवसर पर शंकरलाल, आमीन, विशाल, संजय आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबूलाल सैनी पुनः सैनी राष्ट्रीय सैनी सभा के अध्यक्ष बने

**मण्डावा ।** राष्ट्रीय सैनी सभा रजि के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. श्रवणकुमार सैनी ने मण्डावा निवासी बाबूलाल सैनी को मण्डावा विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष पुनः बनाया है । उनकी नियुक्ति पर समाजबंधुओं ने खुशी जाहिर करते हुए बाबूलाल सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



## चूरू में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस ए मोहम्मदी

### भाजपा-कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में हजारों लोगों ने की शिरकत, मस्जिदों में की गई सजावट

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)।** पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को विशाल जुलूस निकाला गया। तेलियान मोहल्ले के मरकजी मदरसा से निकाले गये जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार नदीमुल कादरी के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस धौबी चौराहा, नई सड़क, स्टेशन रोड, धर्मस्तूप और पुरानी सड़क से होकर निकाला गया। व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस कमेटी के सैयद अबरार हुसैन कादरी ने बताया कि इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद का जन्म मक्का में हुआ था। यह पर्व उनके जीवन के संदेशों को समर्पित है। इस अवसर पर शहर की मस्जिदों में लाइटों और फूलों से भव्य सजावट की गई। जुलूस में कई सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह ठंडा पेय पदार्थ व फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जुलूस ए मोहम्मदी प्यार बांटने का दिन है। चूरू की धरती गंगा-जमुनी संस्कृति की पोषक रही है। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, बसंत शर्मा, पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, नारायण बालान, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया और भाजपा-कांग्रेस सहित कई नेताओं ने शिरकत की।

## ईद मिलादुन्नबी मुन्कित हुआ जलसा

जयपुर टाइम्स

**सीकर** जिले के फतेहपुर में मोहल्ला तेलियान मे जामा मस्जिद के पास मदरसा तालेमुल इस्लाम मे मदरसे के तलबा व तालेबात ने हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सल्ल लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे विलादत पर तकरीर, नात शरीफ, मुकालमा पेश किया, जिसमें मोहल्ले के लोगो द्वारा बच्चों की हौसला अफ़ज़ाई की गयी, आबिदा ज्वेलर्स की तरफ से टॉप कार्यक्रम को 6 चांदी की अंगूठी, और एक चांदी की चैन दी गयी,मदरसे के बच्चों को ईनामात भी दिए गए,जिसमें मदरसे के मो. हुसैन पठान, मोहसिन पठान,अकरम पठान, खुर्शीद पठान,मास्टर महफूज़ अली, मास्टर शब्बीर आलम, मौलाना नौशाद आलम, आदि रहे मौजूद।

# ईद मिलाद उन नबी के जश्न में डूबे लोग

## पैगंबर की शिक्षाओं को याद करने का रहा अवसर

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** अंचल भर में शुक्रवार जुम्मा को पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के रूप में ईद मिलाद उन नबी का मनाया। ईद मिलाद-उन-नबी का महत्व इस्लामिक धर्म में बहुत अधिक पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर के रूप में मनाया जाता जिन्हें इस्लामिक धर्म का आखिरी पैगंबर माना जाता साथ ही, यह जश्न ए ईद मिलाद नबी



इस्लामिक लोगों को एकता के सूत्र में बांधता और उन्हें पैगंबर की शिक्षाओं को याद करने का अवसर प्रदान करता । इसके अलावा, यह जश्न मुस्लिम लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता साथ ही गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करता। ईद मिलादुन्नवी का पर्व इस्लाम धर्म में खास होता है, इस दिन एक दूसरे को बधाई देकर जश्न को दोगुना किया जाता जिले भर में ईद मिलादुन्नबी को बड़े ही उल्लास के साथ मनाया । मुस्लिम समुदाय बड़े बुजुर्ग, युवा बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल हुए और एकता का परिचय देते हुए सुख शांति और समृद्धि की कामना की। ईद मिलाद-उन-नबी का महत्व इस्लामिक धर्म में बहुत अधिक है।. यह त्योहार पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें इस्लामिक धर्म का आखिरी पैगंबर माना जाता है. साथ ही, यह त्योहार इस्लामिक लोगों को एकता के सूत्र में बांधता है और उन्हें पैगंबर की शिक्षाओं को याद करने का मौका देता है. इस दिन रात भर प्रार्थनाएं होती हैं और जगह-जगह जुलूस भी निकाले जाते हैं. ।घरों और मस्जिदों में कुरान पढ़ी जाती है. इस दिन गरीबों को दान भी किया जाता है. ऐसी मान्यता है कि ईद मिलाद-उन-नबी के दिन दान और जकात करने से अल्लाह खुश होते हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
6 सितम्बर, 2025

## भोले का किया अभिषेक भक्ति में लीन रहे शिव भक्त



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** कस्बे की भूरी माता पहाड़ी पर स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को भोले का अभिषेक किया गया। इस दौरान शिव भक्त पूरे दिन भक्ति में लीन रहे। शिव भोले का सहस्त्रघट करने के साथ ही उसे आकर्षक रूप से सजाया गया वहीं महा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। अभिषेक के दौरान डॉक्टर पुरुषोत्तम इंदौरिया, विष्णु शर्मा, गौरीशंकर भिंडा,रामजीलाल शर्मा, महेश कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, गजानंद शर्मा सहित संख्या में श्रद्धालु सपत्नीक मौजूद रहे। और शिव भोले को जल चढ़ाया।

## वार्षिक भ्रमण पर निकला दाँतारामगढ़ का व्यापार मंडल ग्रुप



जयपुर टाइम्स

**दाँतारामगढ़(निसं.)।** हर वर्ष की भांति इस बार भी दाँता व रामगढ़ के व्यापारियों का ग्रुप सितंबर माह में 8 दिन के लिए वार्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ यात्रा संयोजक व्यापार मण्डल सचिव गिरधारी कुमावत ने बताया की इस बार मण्डल का भ्रमण अध्यक्ष विनोद खैतान व सचिव कुमावत की अगुवाई में उज्जैन,सोमनाथ ,पोरबंदर,द्वारिकाधीश,स्टेच्यू आफ़ यूनिटी गुजरात,क्रूज द्वारा समुन्द्र यात्रा,दमन द्विव,अंबाजी मन्दिर,साँवरिया सेठ की यात्रा करके आयेंगे यात्रा में विनीत खेतान,देवेन्द्र शेखावत,अजीत कुमावत,राधेश्याम कुमावत,सीताराम कुमावत,रमेश कुमावत,महेन्द्र कुमावत,परमेश्वर कुमावत,दिनेश नागोरा,श्याम मोहनपुरिया,अंकित टेलर सहित व्यापारी यात्रा करेंगे।

## पलसाना का नितिन जोया होगा मुख्यमंत्री से सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**पलसान(निसं.)** ब्राईट ऐंजल्स पब्लिक सैकेण्डरी स्कूल के छात्र नितिन जोया को 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सम्मानित करेंगे। जोया ने ब्राईट ऐजल्स पब्लिक सैकेण्डरी स्कूल से इस वर्ष दसवी कक्षा बोर्ड में 99.33' प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य स्तरीय 4 मैरिट प्राप्त की। छात्र नितिन जोया ने हिन्दी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। प्रधानाध्यापक सुनिता ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर परीक्षा 2025 में हिन्दी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित छात्र व छात्राओ को 14 सितम्बर को राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सम्मानित किया जायेगा। भरतराज ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुभाष सिंह बिजारणियां ने विद्यालय के छात्र नितिन जोया का राज्य स्तर पर चयन होने पर साफ़ा और माला पहनाकर स्वागत किया ब्राईट स्कूल के सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों ने जोया को बधाई प्रेषित की।

## गांव खेजड़ा दिखनादा में केसरो जी महाराज की मूर्ति का अनावरण समारोह, उमड़ा श्रद्धा व भक्ति का जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव खेजड़ा दिखनादा में शुक्रवार को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ केसरो जी महाराज की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहा। इस अवसर पर गांव के काशीराम बराला, पूसाराम सारण, सुखराम सारण, बीरूराम सारण, हेतराम, कड़वासरा, पूर्ण दास स्वामी, बुद्धाराम चंदेल, पन्नालाल गोस्वामी, अनिल स्वामी, मोहर सिंह बराला, लेखराम सारण, रामचंद्र सारण, राजूराम सारण, किशनदास स्वामी, पवन कुमार, जयपाल सारण, जगदीश स्वामी, अमीलाल चंदेल, रामचंद्र, मनीराम चंदेल, भगत धनाराम सारण, केसराराम बराला, गौरीशंकर स्वामी, कृपाराम सारण, कृष्ण कुमार चंदेल मिस्त्री, अरविंद सारण, मूलाराम सारण, देवराज सारण, जितेंद्र सारण सहित अनेक गणमान्यजनों ने मूर्ति अनावरण के धार्मिक आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने पूरे गांव को एकता, आस्था और आध्यात्मिकता की भावना से जोड़ दिया।

# 6 सितम्बर को परशुराम ज्ञानपीठ का जयपुर में भव्य शुभारंभ, विप्र फाउंडेशन जोन 1 बी से हजारों कार्यकर्ता जायेंगे जयपुर

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे उद्घाटन, विप्र बंधुओं में खुशी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र द्वारा सात दिवसीय सरदारशहर, रतनगढ़, चुरु, साहवा, नोहर, हनुमानगढ़, सुजानगढ़, मोलासर, डीडवाना सहित अनेक जिलों में परशुराम ज्ञानपीठ के भव्य शुभारंभ के अवसर पर दौरा कर विप्र फाउंडेशन के हजारों कार्यकर्ताओं को श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस रिसर्च एंड जयपुर उद्घाटन कार्यक्रम मे पहुंचने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत, महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, विश्वनाथ शर्मा, श्याम लाल जोशी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, प्रदेश सचिव कमलकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष शम्भु दयाल शर्मा, राम शर्मा, रामावतार शर्मा, सुनील शर्मा, अश्विनी शर्मा, हेमेंद्र पारीक, दीपक शर्मा जिलाध्यक्ष चुरु, वेद प्रकाश तिवाड़ी हनुमानगढ़, सचिन शर्मा श्री गंगानगर, हरीश मौलासर डिडवाना, पंकज पीपलवा बीकानेर, प्रतीक पारीक नागौर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयश्री दाधिच, रतनगढ़ अध्यक्ष कुसुम शर्मा, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, खण्ड महामंत्री राजकुमार गौड़, मांगीलाल सेवदा नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी दिन रात कार्यक्रम के सफलता को लेकर भागदौड़ कर ज्यादा से ज्यादा विप्र जनों को जयपुर ले जाने के प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने बताया कि श्री परशुराम ज्ञानपीठ के भव्य उद्घाटन राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया जाएगा। सम्पूर्ण राजस्थान के विप्र समाज में खुशी की लहर दौड़ रही है। मिश्र ने बताया कि सम्पूर्ण विप्र समाज के लिए 6 सितम्बर का दिन सर्वणीम अक्षरों में दर्ज किया जायेगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, देश के प्रमुख भामाशाह बनवारी लाल सोती व सभी शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद समाज को मिलेगा। कार्यक्रम की तैयारियों के अंतर्गत विप्र फाउंडेशन बीकानेर ज़ोन-1B युवा प्रकोष्ठ के युवा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुनील मिश्र के नेतृत्व में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी सभी युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यों की पारदर्शिता तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से गहन चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ता संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

### विप्र बंधुओं ने जयपुर चलों का दिया नारा

श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस जयपुर के ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह में पधारकर नए इतिहास के सृजन के साक्षी बनें। उपरोक्त कार्यक्रम 6 सितम्बर शनिवार नीरजा मोदी स्कूल मैदान जयपुर में आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता लीग तृतीय का गाजे-बाजे के भव्य आगाज

### प्रतियोगिता में 17 टीमें जीत के लिए बहायेंगी पसीना, उद्घाटन मैच पत्रकार संघ टीम ने जीता

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में पुलिस द्वारा आयोजित सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता लीग तृतीय का आयोजन नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी की अध्यक्षता में राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर एएसआई जयसिंह ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 17 टीमें भाग ले रही है और प्रत्येक मैच 10-10 ओवर के खेले जाएंगे। मैजबान पुलिस विभाग के डीएसपी सत्यनारायण गोदारा ने प्रतियोगिता की टीमों को शपथ दिलाते हुए शुभारंभ की घोषणा की। थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने प्रतियोगिता में पधारे अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के मुख्यातिथि माननीय ऐसीजेएम नवदीप गोदारा ने बल्लेबाजी कर एवं नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने गेंदबाजी कर किया। उद्घाटन मैच पत्रकार टीम व नगरपरिषद के वार्ड पार्षद टीम के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड पार्षद टीम ने टोस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 66 रन बनाये?। जिसका पीछा करते हुए पत्रकार टीम ने 6 ओवर में लक्ष्य पूरा कर जीत हासिल कर ली। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, गांविमं अध्यक्ष हिमांशु दूगड, बिग्रेडियर अजय त्रिपाठी, अतिथि उपसभापति अब्दुल रसीद चायल, व्यापार एवं उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, पत्रकार हनुमानमल वर्मा, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, सीबीईओ अशोक पारीक, बीसीएमएचओ डॉ रमेश स्वामी, सीएचसी प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़, अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह निर्वाण, हरिराम सहू, पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईशरराम डूडी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी थे। कार्यक्रम का संचालन निर्मल सोनी ने किया।

## मुस्लिम समाज ने निकाला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, समाज के विद्यार्थियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी (बारा बफात) का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर अजीतगढ़ में जुलूस भी निकाल गया। जानकारी के अनुसार मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जामा मस्जिद मे देश में अमन चैन की नमाज अदा के बाद दोपहर 3 बजे से जामा मस्जिद से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू किया जुलूस मस्जिद से रवाना होकर सीनियर स्कूल, सेढ माता मंदिर, मुख्य बाजार, बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल होता हुआ मदरसा में संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य बाजार में हिंदू समाज के लोग क्रमश पदम श्री जगदीश पारीक के नेतृत्व में जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर मदरसा में मुस्लिम समाज ने मदरसा में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों का कॉपी किताब पेन, मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के मोहम्मद शरीफ गौरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मदरसा में पढ़ने वाले विद्यार्थी मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें ताकि उनको ऊंची उपलब्धि प्राप्त हो सके इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर मोहम्मद शरीफ गौरी, अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव अख्तर खान, मोहम्मद अशरफी , मौलाना अकबर, सदिक मनियार, एजाज भाटी, गुल मोहम्मद लोहार समेत मुस्लिम समाज के कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए अजीतगढ़ पुलिस का जाप्ता उपस्थित था।

## जगदीश स्वामी का वार्षिक मेला व भंडारा हुआ आयोजित, श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के पूर्वी दिशा में स्थित विशाल पहाड़ी पर स्थित जगदीश स्वामी के मंदिर में जगदीश स्वामी का वार्षिक मेला व भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने जगदीश स्वामी की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी साथ ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर में जात जडुले के लिए भी पहुंचे। मेले के दिन आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। जानकारी के अनुसार सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पैदल व वाहनों से मंदिर स्थल पहुंचे साथ ही आयोजन समिति ने जगदीश स्वामी के मंदिर की भव्य सजावट की गई जो हर किसी का मनमोह रही थी। इधर जगदीश धाम विकास सेवा संस्थान के कार्यकर्ता मेले में व्यवस्था बनाए रखें इस अवसर पर मंदिर पुजारी सुल्तान भोजगी ने बताया कि मेले के दौरान इंदौर निवासी भामाशाह अशोक कुमार अग्रवाल ने मंदिर में हो रहे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए धर्मशाला में एक कमरा बनाने, साथ ही पूर्ण सिंह शेखावत ने शौचालय बनाने की घोषणा कीशेखावत ने शौचालय बनाने की घोषणा की इस अवसर पर कई भामाशाहों ने भी विकास के कार्य के लिए सहयोग करने की घोषणा की इस अवसर पर त्रिवेणी धाम के संत राम रिछपाल दास महाराज, परमानंद धाम की हरिओम दास महाराज समेत कई संत पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रवचन दिया। भोजगी ने बताया कि पाचौरा महाराष्ट्र निवासी अरविंद खंडेलवाल, हीरालाल यादव, मुरलीधर सैनी ने भी भंडारे में सहयोग किया। इस अवसर पर सुनील फलोड, रामप्रकाश सैनी, डॉक्टर मंगल यादव, ओम दत्त शर्मा, भरतमल सैनी, श्रीराम शर्मा, रामचंद्र ,साधुराम स्वामी समेत अन्य गणमान्य लोग, पुलिस जाप्ता, स्काउट उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन गोविंद स्वामी ने किया। तो दूसरी तरफ पारोडा ग्राम मैं स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर में तेजाजी महाराज का भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर बाहरी कलाकारों द्वारा भजनो का आयोजन भी किया गया। तो दूसरी तरफ अजीतगढ़ के कुसुमपुरा मोहल्ले में स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर में तेजाजी महाराज का विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की साथ ही सिहोडी ग्राम पंचायत की ढाणी बनड़ा गिदावाला मे तेजाजी महाराज व हीरामल जी महाराज का भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## सरदारशहर में रेल विस्तार की उठी मांग, 7 सितंबर को होगी महत्वपूर्ण बैठक, समिति गठन पर होगा विचार

**सरदारशहर(नि.सं.)।।** तहसील क्षेत्र में वर्षों से लम्बित सरदारशहर रेल मार्ग विस्तार की मांग को लेकर एक बार फिर स्थानीय नागरिकों द्वारा सार्थक पहल की जा रही है। इस विषय में गहन विचार-विमर्श एवं ठोस कार्य योजना तैयार करने हेतु 7 सितंबर रविवार को प्रातः 11 बजे एक बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक श्री श्याम स्विमिंग पूल बीकानेर रोड पर आयोजित होगी। एडवोकेट माणकचंद्र भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदारशहर रेल विस्तार को लेकर कई बार रेल बजट में घोषणाएं हुईं और कई बार रेल लाइन का सर्वे भी किया गया। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया है। इस स्थिति में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को एक साथ आकर एक सशक्त समिति का गठन करना आवश्यक हो गया है। श्रीडूंगरगढ़ से राजगढ़ वाया सरदारशहर, भालेरी, तारानगर, ददरेवा होते हुए राजगढ़ को जोड़ेगा। रतनगढ़ से हनुमानगढ़, यह मार्ग सरदारशहर, भानीपुरा, पल्लू, रावतसर होते हुए हनुमानगढ़ जंक्शन तक प्रस्तावित है। बैठक में समिति गठन, रणनीति तय करने, सुझाव आमंत्रित करने और आंदोलन या जनसंवाद की रूपरेखा तय करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। एडवोकेट भाटी ने क्षेत्र के सभी जागरूक नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, युवा संगठनों व पत्रकारों से अनुरोध किया है कि वह 7 सितंबर को समय पर पहुंचकर इस महत्त्वपूर्ण जनहित मुद्दे में भाग लें।

## करणी माता मंदिर में भव्य जागरण को लेकर बैठक आयोजित, 22 सितम्बर को होगा भव्य जागरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के रेलवे फाटक के पास स्थित करणी माता मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एक शाम मां करणी के नाम विशाल जागरण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्व समिति से घनश्याम सेन को कार्यक्रम अध्यक्ष व भवानी सिंह बड़गुजर को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देकर मां करणी माता जी के जागरण में बड़ी संख्या में भक्तों को निमंत्रण देकर जागरण में आने का आह्वान किया। अध्यक्ष घनश्याम सेन ने बताया कि आगामी 22 सितंबर को मां करणी माता जी का विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमे फतेहपुर से रामदास महाराज चिम्मा बाबा, रतनगढ़ से गंगानाथ महाराज के श्री मुख से भजनों की अमृत वर्षा होगी। 24 सितम्बर को करणी माता मंदिर परिसर से देशनोक पैदल यात्रा संघ रवाना होगा। इस अवसर पर बैठक में सुमेर सिंह, नरेन्द्र सिंह, लाभू गुर्जर, गंगाधर, अनिल सुथार, विनीत सिंह, आनंद सिंह, आकाश प्रजापत करणी नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## दादू द्वारा संत आश्रम सालासर में महंत हरिकिशन दास जी महाराज, समलेटी के पावन सानिध्य में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निसं.)** में स्थित मुक्तिधाम के पास दादू द्वारा मंदिर में भागवताचार्य संत परमानंद दास महाराज ने बताया की वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में गुरुवार 4 सितंबर को रात्रि जागरण भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें बऊधाम से महंत श्री रोशन नाथ जी महाराज,संत श्री रामलखन दास जी महाराज, संत श्री सुदर्शन दास जी महाराज सहित स्थानीय लोगों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। शुक्रवार 5 सितंबर को श्रीमद् दादू वाणी जी के पाठ,संत चरणों का पूजन,यज्ञ हवन,आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें संत महात्माओं सहित कई अधिक संख्या में श्रद्धालुओ ने भाग लिया... इस दौरान सीकर बस यूनियन अध्यक्ष गोपाल ढाका हरिराम प्रजापत मनीष प्रजापत पवन प्रजापत मदनलाल प्रजापत बनवारी लाल प्रजापत जयपाल ढाका सोमपाल ढाका पूनम चंद गुलरिया शाहिद अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अतिवृष्टि से नष्ट हुई फ़सल को लेकर भाजपा नेता जांगिड़ ने की प्रेस वार्ता

### किसानो की बर्बाद हुई फसलो का मिलेगा मुआवजा :- जांगिड़

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** तारानगर विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान को लेकर तारानगर के भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने शुक्रवार को कस्बे के चौधरी गेस्ट हाउस में स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। जांगिड़ ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि पिछले काफी दिनों से क्षेत्र में भारी बारिश का दौर जारी है जिस कारण किसानो की खड़ी फसल खराब हो चुकी है, क्षेत्र में गरीबों के अनेक कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं तो वहीं खेतो में गोजा कीड़े ने भी फसला को बर्बाद कर दिया है। प्रदेश की भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तारानगर को लेकर लगातार चिंतित है मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री नियुक्त किए हैं जो क्षेत्र की स्थितियों का मौका निरीक्षण करेंगे और आमजन को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए प्रशासन को निर्देशित करेगे। प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा संयोजक अजीतसिह राठौड़, शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, साबिर हुसैन, रणजीत सिँह सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।